कोटद्वार, बुधवार
20 अगस्त 2025
वर्ष: 47
अंक: 108 पृष्ठ: 4
मूल्य: 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

स्थापित 1979

संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### केदारनाथ धाम की यात्रा सुचारु, मद्महेश्वर बंद

रुद्रप्रयाग : केदारनाथ धाम की यात्रा मंगलवार को सुचारु रही। यात्रियों को सोनप्रयाग और गौरीकुंड में पुलिस सुरक्षा के बीच आवाजाही करा रही है। साथ ही उन्हें पूरे पैदल मार्ग पर सजगता के साथ आगे बढ़ने के निर्देश भी दिए जा रहे हैं। मंगलवार को भी द्वितीय केदार मद्महेश्वर की यात्रा बंद रही। मंगलवार केदारनाथ के लिए करीब 500 यात्री रवाना हुए। हालांकि पुलिस मौसम को देखते हुए यात्रियों की आवाजाही करा रही है ताकि पैदल मार्ग में किसी तरह की दिक्कतें न हो। सोनप्रयाग और गौरीकुंड में पुलिस यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ही यात्रा का संचालन करवा रही है। सुबह 8 बजे पहले जत्थे में 370 यात्री सोनप्रयाग से केदारनाथ रवाना हुए, जबकि इसके बाद अन्य यात्रियों को भी केदारनाथ भेजा गया। केदारनाथ धाम में यात्रियों की संख्या इन दिनों कम है। इधर, द्वितीय केदार मद्महेश्वर पैदल मार्ग बनतोली और गौंडार के बीच अब भी बंद है। लोक निर्माण विभाग द्वारा अभी तक पैदल मार्ग को सुधारा नहीं गया है। प्रशासन ने सुरक्षा की दृष्टि से यात्रियों की आवाजाही रोकी है। स्थानीय लोगों ने लोनिवि और प्रशासन से शीघ्र पैदल मार्ग दुरुस्त करने की मांग की है, ताकि यात्रा का संचालन सुचारु हो सके। (एजेंसी)

### भूस्खलन से सड़क पर गिरे पेड़, हादसा टला

रुद्रप्रयाग : बीती रात अगस्त्यमुनि विनायकधार में पहाड़ी से भूस्खलन होने के कारण चीड़ के पेड़ हाईवे पर गिर गए। शुक्र रहा कि इस दौरान कोई सड़क पर गुजर नहीं रहा था, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। पुलिस ने रात को ही हाईवे से पेड़ हटाते हुए आवाजाही के लिए सुचारु कर दिया। हालांकि हाईवे के पास पार्किंग में पेड़ से दो वाहनों को भी क्षति पहुंची है। लगातार हो रही बारिश के चलते अनेक स्थानों पर भूस्खलन की घटनाएं हो रही हैं। बीती रात अगस्त्यमुनि में थाने के पास विनायकधार में पहाड़ी से भूस्खलन के चलते चीड़ के पेड़ केदारनाथ हाईवे में गिर गए। इस दौरान करीब बनी पार्किंग में दो वाहन भी क्षतिग्रस्त हुए। गनीमत रही कि जिस दौरान पेड़ गिरे उस समय हाईवे पर कोई वाहन आवाजाही नहीं कर रहा था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस रात को ही मौके पर पहुंच गई थी। थानाध्यक्ष अगस्त्यमुनि महेश रावत ने बताया कि रात को ही पुलिस द्वारा हाईवे से पेड़ हटा लिए गए थे। दो वाहन पार्किंग में खड़े थे, जिन्हें हल्का नुकसान हुआ है। किसी तरह का कोई जानमाल का नुकसान नहीं हुआ है। (एजेंसी)

### पहाड़ी से हो रहे भूस्खलन से खरादी कस्बे में होटलों व मकानों को खतरा

उत्तरकाशी। तहसील बड़कोट के अंतर्गत बिचली खरादी में पहाड़ी से हो रहे भूस्खलन के कारण कस्बे में होटलों और मकानों को खतरा पैदा हो गया है। यहां हो रहे भूधंसाव से ऊपर पहाड़ी पर लंबी चौड़ी दरार पड़ गई है, जिससे स्थानीय निवासी चिंतित हैं। लोगों ने बड़कोट उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देकर सुरक्षात्मक कार्य करने की मांग की है। क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश के कारण जगह–जगह भूधंसाव हो रहा है। यमुनोत्री हाईवे पर खरादी कस्बे में बारिश के कारण पहाड़ी से भूधंसाव हो रहा है। इस कारण बिचली खरादी के ऊपर पहाड़ी पर लंबी दरार पड़ गई है। स्थानीय लोगों भारी भूस्खलन का खतरा सताने लगा है।

एसडीएम को भेजे ज्ञापन में ग्रामीणों ने कहा कि खरादी में होटल हैप्पी होमस्टे, होटल हंसदीप, होटल रीगल इन, होटल गुरु कृपा, होटल अमित होम स्टे, होटल पवार रेस्टोरेंट, होटल माउंट मेमोरी, होटल यमुना गैलेक्सी व समीम बेग के आवासीय भवन को उक्त पहाड़ी पर पड़ी लंबी चौड़ी दरार से भारी खतरा पैदा हो गया है। भूस्खलन से होटलों के अंदर पानी घुस रहा है। कई खड़े पेड़ भी धरासायी हो रहे हैं। उन्होंने मांग की है कि इन होटलों और मकानों की सुरक्षा के लिए समय रहते उचित उपाय किया जाय, ताकि किसी बड़े नुकसान के खतरे को समय रहते टाला जा सके। इस मौके पर एलमसिंह रावत, सुखदेव सिंह, प्रेम सिंह, उज्ज्वल सिंह, सिकंदर अली, समीम बेग, भाभीराम, कैलाश, सुमनप्रसाद, प्यार चन्द, सुमन प्रसाद, अतर सिंह, प्रवीन सिंह, भागीराम, कैलाश, बरदेव, तेग सिंह, अतोल सिंह, आदि शामिल रहे।

# विपक्ष का हंगामा, सीएम धामी ने पेश किया 5315 करोड़ का अनुपूरक बजट, नौ विधेयक भी आए



भराड़ीसैंण । उत्तराखंड विधासभा का चार दिवसीय मानसून सत्र आज मंगलवार से भराड़ीसैंण विधानसभा में शुरू हुआ। पहले ही दिन विपक्ष ने जमकर हंगामा किया। इसके बीच कई बार सदन की कार्यवाही स्थगित की गई। वहीं, शाम को सीएम धामी ने हंगामे के बीच ही 5315 करोड़ का अनुपूरक बजट सदन पटल पर रखा। इसके साथ ही नौ विधेयक भी पेश हुए। इसके बाद सदन की कार्यवाही को बुधवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया।

**सात बार स्थगित हुआ सदन**

सुबह 11 बजे ऐसे ही सदन की कार्यवाही शुरू हुई विपक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया। इस बीच सदन में कांग्रेस नेताओं ने टेबल तक पलट दी। बार–बार हंगामे के बीच सदन की कार्यवाही को सात बार स्थगित करना पड़ा। कानून व्यवस्था पर कांग्रेस के विरोध के चलते लगातार कई बार कार्यवाही स्थगित की गई। सदन की कार्यवाही के दौरान विपक्षी नेताओं ने सचिव की टेबल पलटने की कोशिश की। साथ ही माइक तोड़ दिया। कांग्रेस विधायकों ने वेल में कागज लहराए और नारेबाजी की ।

**कांग्रेस विधायकों ने कार्यसूची फाड़ी और सदन में उछाली**

कांग्रेस विधायकों ने कार्यसूची फाड़ी और सदन में उछाली। इसके बार वेल में धरने पर बैठ गए। विधानसभा अध्यक्ष ने इस पर नाराजगी जताते हुए कहा कि ये बेहद दुखद है। सदन के अंदर सचिव के टेबल, माइक और टेबलेट को तोड़ दिया गया।

दिवंगत पूर्व विधायक मुन्नी देवी को श्रद्धांजलि

नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने दिवंगत पूर्व विधायक मुन्नी देवी को श्रद्धांजलि दी। उनके बाद सदन में कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज फिर कैबिनेट मंत्री धन सिंह रावत और मंत्री सौरभ बहुगुणा ने श्रद्धांजलि दी।

**विपक्ष ने कानून व्यवस्था की धज्जियां उड़ाई: सीएम धामी**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विधानसभा सत्र को लेकर कहा कि सदन में बहस होनी चाहिए थी। जनता के मुद्दों पर चर्चा होनी चाहिए थी, लेकिन विपक्ष ने जिस तरह से कानून व्यवस्था की धज्जियां उड़ाई हैं, वह पूरा देश देख रहा है। हम सदन चलाना चाहते थे। पंचायत चुनाव में भाजपा को भारी जीत मिली है। जिस तरह से जनता ने पंचायत चुनाव, लोकसभा चुनाव, विधानसभा, नगर निकाय चुनाव में सभी क्षेत्रों के विकास की जिम्मेदारी भाजपा को सौंपी है, उससे विपक्ष का निराश होना स्वाभाविक है। सीएम ने कहा कि जनता देख रही है। पूरे देश में इनकी पार्टी की ये परंपरा बन गई है कि जहां भी हारते हैं वहां ये ईवीएम कभी चुनाव आयोग, प्रशासन, सरकार को दोष देते हैं। नैनीताल में हमारी पार्टी का उम्मीदवार अध्यक्ष और कांग्रेस का उम्मीदवार उपाध्यक्ष चुना गया, अगर ये निष्पक्ष चुनाव नहीं होता तो दोनों पद भाजपा के पास होने चाहिए थे। सदन में चर्चा होनी चाहिए थी, हम चर्चा के लिए तैयार थे। हमें अपने राज्य को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने के लिए काम करना है।

**ये नौ विधेयक सदन पटल पर रखे गए**

- उत्तराखंड विनियोग 2025–26 का अनुपूरक विधेयक 2025
- उत्तराखंड उत्तर प्रदेश श्री बदरीनाथ तथा श्री केदारनाथ मंदिर अधिनियम 1939 संशोधन विधेयक 2025
- उत्तराखंड धर्म स्वतंत्रता एवं विधि विरुद्ध प्रतिषेध संशोधन विधेयक 2025
- उत्तराखंड निजी विश्वविद्यालय संशोधन विधेयक 2025
- उत्तराखंड साक्षी संरक्षण निरसन विधेयक 2025
- उत्तराखंड अल्पसंख्यक शिक्षा विधेयक 2025
- समान नागरिक संहिता उत्तराखंड संशोधन विधेयक 2025
- उत्तराखंड पंचायती राज संशोधन विधेयक 2025
- उत्तराखंड लोकतंत्र सेनानी सम्मान विधेयक 2025

## जम्मू कश्मीर के घोषित आतंकवादी की करोड़ों की संपत्ति कुर्क

### मजिस्ट्रेट के समक्ष कार्रवाई



श्रीनगर,जम्मू–कश्मीर में पुलिस आतंकवादी नेटवर्क और उनके ढांचों को ध्वस्त करने के लिए पुलिस कार्रवाई कर रही है. इसी क्रम में पुलिस ने श्रीनगर में पुलिस ने एक आतंकवादी की अचल संपत्ति कुर्क की. यह कार्यवाही यूएपीए की धारा 25 के तहत की गई. इस धारा के अंतर्गत अधिकारियों को आतंकवादी गतिविधियों के लिए इस्तेमाल की गई या इस्तेमाल की जाने वाली संपत्ति को जब्त करने का अधिकार है.जिस आतंकवादी के घर यह कार्रवाई हुई उसका नाम डॉ. आसिफ मकबूल डार है. एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि बरमुल्लाह के बांदी पईन में तीन कनाल और 18 मरला जमीन का बाग कुर्क किया गया. इसकी कीमत करीब एक करोड़ रुपये आंकी गयी. वह वर्तमान में सीमा पार से सक्रिय है. गृह मंत्रालय ने उसे 2023 में आतंकवादी घोषित किया था. कुर्की की कार्रवाई मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में की गई.यह कार्रवाई श्रीनगर के पुलिस स्टेशन परिमपोरा में धारा 124ए, 153ए, 295ए आईपीसी और गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) की धारा 13, 18 और 38 के तहत दर्ज एक मामले (एफआईआर संख्या 107/2020) के बाद की गई है. अधिकारी ने बताया कि जब्त की गई संपत्ति औपचारिक रूप से डार के पिता के नाम पर है, लेकिन जांच से पता चला है कि आसिफ इसमें सक्रिय हिस्सेदार है.

पुलिस के अनुसार, डॉ. आसिफ मकबूल डार के खिलाफ आरोपों में आतंकवाद को बढ़ावा देने, राष्ट्र–विरोधी दुष्प्रचार फैलाने और कई वर्षों तक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से सरकार के खिलाफ असंतोष भड़काने में संलिप्तता शामिल है.

## अगली महामारी बेहद करीब, दुनिया तैयार नहीं

### –सार्स वायरस वायरस की खोज करने वाले वैज्ञानिक का दावा

नईदिल्ली ,लोगों के जहन से कोरोना वायरस महामारी की बुरी यादें अभी तक गई नहीं हैं। इस बीच अगली महामारी को लेकर वैज्ञानिकों के दावों ने चिंताएं और बढ़ा दी हैं। 2003 में कोरोना वायरस की खोज करने वाले हांगकांग विश्वविद्यालय के प्रोफेसर मलिक पीरिस ने कहा है कि जल्द ही एक नई महामारी दस्तक दे सकती है और दुनिया इससे निपटने के लिए बेहतर तरीके से तैयार भी नहीं है।

पीरिस ने कहा, हमें महामारियों से निपटने पर अधिक ध्यान देना होगा, क्योंकि यह पूरी तरह से निश्चित है कि एक और महामारी सामने आएगी। कोविड ने हमें स्पष्ट रूप से दिखाया है कि महामारियां न केवल स्वास्थ्य के लिए, बल्कि आर्थिक और सामाजिक कल्याण के लिए भी व्यापक रूप से विनाशकारी हो सकती हैं। हाल के दशकों में जानवरों से फैलने वाले वायरस मनुष्यों में ज्यादा फैल रहे हैं। हर 3–4 साल में नए



वायरस सामने आ रहे हैं। पीरिस के मुताबिक, बढ़ता पशुपालन, आवागमन और विदेशी पालतू जानवरों के व्यापार ने नए वायरस के जानवरों से मनुष्यों में फैलने के जोखिम को बढ़ा दिया है। उनका मानना है कि पशुपालन और जानवरों की व्यापक आवाजाही ने पशुओं के बीच वायरस के तेजी से फैलने के लिए अनुकूल वातावरण तैयार किया है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि भोजन के लिए पाली जाने वाली मुर्गियां अगर संक्रमित हुईं तो ये वायरस दुनियाभर की मुर्गियों को संक्रमित कर सकता है। पीरिस ने कहा कि पालतू जानवरों के व्यापार ने वायरस के मनुष्यों को संक्रमित करने के जोखिम को भी बढ़ा दिया है। उन्होंने कहा, वैश्विक यात्रा की सुविधा और गति दोनों ने इस बात में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई कि दुनिया में कितने लोग किसी वायरस के संपर्क में तेजी से आ सकते हैं। आप कहीं भी किसी नई बीमारी से संक्रमित हो सकते हैं और 12 घंटों में दुनिया के दूसरे छोर पर पहुंच सकते हैं। पीरिस के मुताबिक, महामारियों में इंफ्लूएंजा की संभावना ज्यादा है, जो सूअरों, जंगली पक्षियों और मुर्गियों से फैल सकता है। इसके अलावा कोरोना वायरस भी है, जो अलग–अलग स्रोतों से फैल सकता है। हालांकि, पीरिस ने कहा कि मच्छरों और निकट संपर्क से फैलने वाले वायरस, जैसे इबोला कहीं अधिक नियंत्रणीय हैं। उनका मानना है कि मच्छर जनित वायरस के पूरी दुनिया में बहुत तेजी से फैलने की संभावना नहीं है। पीरिस ने कहा कि महामारियों से निपटने के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन की भूमिका को मजबूत करना बेहद जरूरी है।

### शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

विकासनगर। युवती को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म के आरोपी को कोतवाली विकासनगर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है। आरोपी और परिजनों पर दोनों के निकाहनामे को भी अस्वीकार करने का आरोप है। कोतवाल विनोद गुसाईं ने बताया कि क्षेत्र की युवती ने तहरीर दी थी। बताया कि उनके पड़ोस में रहने वाले सलीम पुत्र नजर से तीन साल पहले उसकी दोस्ती हुई थी। तब वह नाबालिग थी। दोनों की दोस्ती के बारे में सलीम के माता–पिता को भी जानकारी थी। उन्होंने आश्वासन दिया था कि जब वह बालिग हो जाएगी तो दोनों का निकाह करा दिया जाएगा। आरोप लगाया कि एक दिन वह घर में अकेली थी। आरोपी सलीम उसके घर में घुसा और उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद उसने एक दिन और घर में आकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद जब उसने सलीम को शादी करने के लिए कहा तो उसने मना कर दिया।

## चीन भारत को करेगा दुर्लभ खनिज समेत कई चीजों की आपूर्ति

नईदिल्ली, भारत और चीन के बीच संबंध सामान्य होने के संकेत मिल रहे हैं। भारत दौरे पर आए चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने विदेश मंत्री एस जयशंकर को आश्वासन दिया है कि चीन उर्वरक, दुर्लभ खनिज और सुरंग खोदने वाली मशीनों (टीबीएम) की आपूर्ति बहाल करेगा। बता दें कि ये बेहद अहम संसाधन हैं, जिनकी कमी से भारत के कृषि, ऑटोमोबाइल और इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र पर असर पड़ रहा था। रिपोर्ट के मुताबिक, विदेश मंत्री जयशंकर ने पिछले महीने अपनी चीन यात्रा के दौरान अपने समकक्ष यी के साथ यूरिया, एनपीके और डीएपी, दुर्लभ खनिज और टीबीएम की आपूर्ति का मुद्दा उठाया था। इसके बाद चीनी विदेश मंत्री की भारत यात्रा पर इन चीजों की आपूर्ति बहाल करने पर सहमति बनी है। बता दें कि बीते करीब एक साल से चीन ने इनके निर्यात रोक दिया था, जिससे भारत को कई मुश्किलों



का सामना करना पड़ रहा था। विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि बातचीत में आर्थिक और व्यापारिक मुद्दे, तीर्थयात्रा, लोगों से लोगों के बीच संपर्क, नदी डेटा साझाकरण, सीमा व्यापार, संपर्क और द्विपक्षीय आदान–प्रदान पर चर्चा होगी। चीनी विदेश मंत्री के साथ अपने भाषण में विदेश मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि पड़ोसी देशों और दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के रूप में भारत–चीन संबंधों के विविध पहलू और आयाम हैं। हालांकि, दोनों के बीच सीमा मुद्दों पर चर्चा नहीं हुई। विदेश मंत्री जयशंकर ने अपने चीनी समकक्ष से कहा कि ताइवान पर भारत की स्थिति में कोई बदलाव नहीं आया है और दुनिया की तरह भारत ने भी आर्थिक और सांस्कृतिक संबंधों के लिए राजनयिक उपस्थिति बनाए रखी है। वहीं, अमेरिकी टैरिफ को लेकर दोनों पक्ष इस बात पर सहमत हुए कि अमेरिका की मौजूदा नीतियों के कारण उन्हें एक–दूसरे के करीब आने की जरूरत है और अनिश्चितता से निपटने के लिए दोनों पक्षों को बातचीत करनी होगी।

## सुप्रीम कोर्ट पहुंचा मां चंडी देवी मंदिर का केस

हरिद्वार। हरिद्वार में प्रसिद्ध सिद्धपीठ मां चंडी देवी के प्रबंधन को लेकर विवाद सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। यहां के 'सेवायत' भवानी नंदन गिरी ने हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर की है, जिसमें बदरी–केदार मंदिर समिति को मंदिर प्रबंधन देखने के लिए रिसीवर नियुक्त करने का निर्देश दिया गया था। हाई कोर्ट ने आदेश तब सुनाया था, जब अदालत में मंदिर के मुख्य पुजारी के लिव इन पार्टनर की अग्रिम जमानत का मामला सामने आया था।सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को उत्तराखंड हाईकोर्ट को चंडी देवी मंदिर के सेवायत की याचिका पर जल्द फैसला लेने का निर्देश दिया।

सेवायत वह पद है, जो मंदिर में पूजा–पाठ और प्रबंधन की देख–रेख करते हैं।जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और जस्टिस एसवी एन भट्टी की बेंच ने हरिद्वार डीएम से मंदिर प्रबंधन में गड़बड़ी है या नहीं, इस पर रिपोर्ट देने को कहा है। सुप्रीम



कोर्ट ने छह हफ्तों में यह रिपोर्ट हाईकोर्ट को सौंपने का आदेश दिया।

याचिकाकर्ता की क्या दलीलः भवानी नंदन गिरी का कहना है कि उनके पूर्वज 8वीं शताब्दी से (आदि शंकराचार्य के समय से) मंदिर की सेवा करते आ रहे हैं। 2012 से ही डीएम और एसएसपी की अध्यक्षता में बनी एक समिति मंदिर की देखरेख कर रही है, इसलिए अतिरिक्त रिसीवर की जरूरत नहीं थी। हाईकोर्ट ने बिना सबूत और शिकायत के ही यह आदेश दे दिया। यह आदेश तब पारित हुआ, जब अदालत एक अपराध मामले में जमानत अर्जी सुन रही थी।

विवाद क्या हैः हाईकोर्ट ने आदेश तब दिया जब रीना बिष्ट नाम की महिला, जो मंदिर के मुख्य पुजारी महंत रोहित गिरी की कथित लिव–इन पार्टनर हैं, ने जमानत के लिए अर्जी लगाई थी। रोहित गिरी की पत्नी गीतांजलि ने उन पर और रीना बिष्ट पर गंभीर आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई थी। इसमें आरोप था कि रीना बिष्ट ने 14 मई को उसके बेटे को गाड़ी से कुचलने की कोशिश की। उसी दिन रोहित गिरि को पंजाब पुलिस ने एक अलग छेड़छाड़ मामले में गिरफ्तार कर लिया और वह फिलहाल हिरासत में है।

### हाईकोर्ट सख्त, गृह सचिव और डीजीपी को किया तलब

नैनीताल, लोकसत्य । नैनीताल जिला पंचायत अध्यक्ष व उपाध्यक्ष चुनाव के दौरान हुई घटना पर हाईकोर्ट ने आज सुनवाई की। इस दौरान मुख्य न्यायाधीश जस्टिस जी नरेंदर और जस्टिस सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने गृह सचिव और डीजीपी को शुक्रवार को कोर्ट में तलब किया हैं।नैनीताल जिला पंचायत अध्यक्ष व उपाध्यक्ष चुनाव के दौरान हुई घटना पर हाईकोर्ट ने गंभीर चिंता जताई है। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस जी नरेंदर और जस्टिस सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने गृह सचिव और डीजीपी को शुक्रवार को व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में हाजिर रहने का आदेश दिया है। कोर्ट ने इस घटना से गन कल्चर फैलने और सार्वजनिक शांति भंग होने पर कड़ी नाराजगी जताई। इस दौरान हाईकोर्ट ने एसएसपी से पूछा कि क्या एसपी इंटेलिजेंस ने कोई इनपुट दिया तो एसएसपी ने ना में जवाब दिया। एसएसपी ने कहा कि लाल कार जो पंचायत के पास होटल के बाहर खड़ी थी, जिसमें तलवारें थीं उसकी कस्टडी ले ली गई है। फिलहाल कार मालिक फरार है। घटना में शामिल दो–तीन लोग रामपुर, दो–तीन रुद्रपुर और सात–आठ लोग नैनीताल से थे। उनकी सीडीआर ली जा रही है। साथ ही एफआरआई दर्ज की गई हैं। जांच पूरी करने के लिए समय चाहिए। आगे कहा कि वह जांच करेंगे कि कौन लोग बाहरी थे और वो लोग यहां कैसे आए। हम सीसीटीवी फुटेज निकाल चुके हैं।

### पंजाब के जालंधर में बब्बर खालसा के 2 आतंकवादी गिरफ्तार, हैंड ग्रेनेड मिला

जालंधर,पंजाब के जालंधर में प्रतिबंधित आतंकवादी समूह बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) से जुड़े दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। पंजाब पुलिस ने बताया कि एक आरोपी रितिक नारोलिया है, जबकि दूसरा राजस्थान का एक किशोर है। दोनों को काउंटर इंटेलिजेंस (सीआई) ने पकड़ा है। इनके पास से एक चीनी टाइप 86पी हैंड ग्रेनेड बरामद किया गया है। आरोपी कनाडा स्थित बीकेआई के सरगना जीशान अख्तर और अजय गिल के निर्देशों पर काम कर रहे

पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के खुलासे के बाद उनके सहयोगी विश्वजीत को कोलकाता और जैक्सन को जालंधर के नकोदर से पकड़ा गया है। विश्वजीत मलेशिया भागने के फिराक में थे। ये दोनों भी अख्तर और गिल से निर्देश लेते थे।

## प्रधानमंत्री मोदी ने एनडीए उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन के लिए विपक्ष से समर्थन मांगा

### –उपराष्ट्रपति चुनाव

नईदिल्ली,प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को विपक्षी पार्टियों से उपराष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन का समर्थन करने की अपील की है। संसद के पुस्तकालय भवन में आयोजित एनडीए संसदीय दल की बैठक में मोदी ने कहा कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह इस बारे में सभी दलों के नेताओं से विचार–विमर्श कर रहे हैं। बैठक में उम्मीदवार राधाकृष्णन भी शामिल हुए। प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें सभी सांसदों से मिलवाया।

बैठक के दौरान मोदी ने राधाकृष्णन का परिचय देते हुए कहा कि वह अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के जमीनी नेता हैं, उनका स्वभाव बेहद सहज है, जिससे



राजनीति को खेल की तरह नहीं लेते हैं। मोदी ने बैठक में सभी दलों से एनडीए उम्मीदवार का सर्वसम्मति से समर्थन करने का आग्रह किया और कहा कि राधाकृष्णन उपराष्ट्रपति पद के लिए एक उत्कृष्ट पसंद थे। मोदी ने बताया कि उनका जीवन विवाद रहित है और वे बहुत विनम्र व्यक्ति हैं।

## सट्टेबाजी ऐप पर होगा केंद्र सरकार का नियंत्रण, ऑनलाइन गेमिंग विधेयक को कैबिनेट से मंजूरी

नईदिल्ली ,केंद्र सरकार ऑनलाइन सट्टेबाजी और जुए को नियंत्रित करने जा रही है। इस संबंध में संसद में ऑनलाइन गेमिंग ऐप विधेयक पेश किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली केंद्रीय कैबिनेट ने मंगलवार को इस विधेयक को मंजूरी दे दी, जिसका उद्देश्य सट्टेबाजी ऐप्स को विनियमित करना और जुए पर सख्त जांच करना है। विधेयक में ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म को कानून के अंतर्गत लाना और डिजिटल ऐप्स के जरिए जुआ खेलने पर दंड लगाने का प्रावधान है।विधेयक को बुधवार को ही मानसून सत्र के दौरान संसद में पेश किया जाएगा, जिससे इस पर चर्चा आगामी शीतकालीन सत्र में हो सकेगी। मानसून सत्र 21 अगस्त को समाप्त हो रहा है।



केंद्र यह विधेयक ऐसे समय पर ला रही है, जब वह इस दिवाली नई व्यवस्था के तहत ऑनलाइन गेमिंग पर वस्तु और सेवा कर (जीएसटी) 28 प्रतिशत से बढ़ाकर 40 प्रतिशत करने की सोच रही है। आगे ऑनलाइन गेमिंग में केवाईसी भी अनिवार्य हो सकता है। केंद्र सरकार ने विधेयक लाने से पहले ही ऑनलाइन गेमिंग के जरिए पैसा कमाने का दावा करने वाले ऐप को नियंत्रित करना शुरू कर दिया था। ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म समेत डिजिटल प्लेटफॉर्म के लिए वित्तीय लेनदेन को विनियमित करने और उपयोगकर्ता का डाटा सुरक्षा के लिए कई कदम उठाए गए थे। आयकर वसूली के वित्त अधिनियम, 2023 के तहत कर निर्धारण वर्ष 2024–25 से ऑनलाइन गेम में शुद्ध जीत पर 30 प्रतिशत की दर से आयकर लागू किया है।पिछले कुछ महीनों में ऑनलाइन गेमिंग ऐप के जरिए वित्तीय धोखाधड़ी और आर्थिक अपराध बढ़ने पर जांच एजेंसियों ने जांच शुरू की है।

### इसरो का अगला रॉकेट 40 मंजिला उंचा होगा, इसरो अध्यक्ष ने किया खुलासा

हैदराबाद ,भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) 40 मंजिला इमारत जितनी उंचाई वाले रॉकेट पर काम कर रहा है, जो 75,000 किलोग्राम पेलोड को पृथ्वी की निचली कक्षा में स्थापित करेगा। इसरो के अध्यक्ष वी नारायणन ने उस्मानिया विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते इस योजना का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि इस वर्ष अंतरिक्ष एजेंसी ने एक नया नेविगेशन विद इंडिया कांस्टेलेशन सिस्टम (नाविक) उपग्रह और एन1 रॉकेट जैसी परियोजनाओं की योजना बनाई है। इसरो प्रमुख ने कहा, आप जानते हैं, रॉकेट की क्षमता क्या है? पहला लांचर अब्दुल कलाम जी ने बनाया था, जिसका भार 17 टन था और यह 35 किलोग्राम भार को पृथ्वी की निचली कक्षा में स्थापित करने में सक्षम था।

## गंगा और यमुना समेत 17 नदियां उफान पर, 25 शहरों में बाढ़ का संकट

नईदिल्ली, देश भर में मानसून पूरी तरह सक्रिय हो गया है और लगातार हो रही बारिश से हाल बेहाल है। इस बीच राज्यों में बहने वाली नदियां भी उफान मार रही हैं। केंद्रीय जल आयोग ने बाढ़ पूर्वानुमान को लेकर बड़ी जानकारी साझा की है।

आयोग के मुताबिक, देश में करीब 17 नदियां खतरे के निशान के ऊपर बह रही हैं, जबकि कई पार करने की कगार में हैं। दिल्ली और भागलपुर समेत कई शहरों में बाढ़ का खतरा है। आयोग के मुताबिक, दिल्ली में पिछले 3 दिनों से बारिश बंद है, लेकिन फिर भी यमुना नदी उफान पर है। मंगलवार को पुराने रेलवे पुल पर नदी का जलस्तर 205.78 मीटर



दर्ज किया गया है, जो 205.33 मीटर खतरे के निशान के ऊपर है। यमुना में हरियाणा के हथिनीकुंड बैराज से 32,926 क्यूसेक, वजीराबाद से 66,310 और ओखला बैराज से 91,212 क्यूसेक पानी छोड़े जाने से बाढ़ की संभावना बन रही है। इससे कई इलाकों में जलभराव का खतरा है। आयोग के मुताबिक, उत्तर प्रदेश के बदायूं, फर्रूखाबाद और फतेहपुर के भिटौरा में गंगा नदी खतरे के निशान के ऊपर बह रही है। बाराबंकी, अयोध्या और बलिया में घाघरा नदी खतरे के निशान को पार कर गई है।

## सम्पादकीय

# विकास लक्ष्य का बजट

हंगामेदार और विधानसभा सत्र के बीच उत्तराखंड का अनुपूरक बजट पेश कर दिया गया है। बजट में राज्य के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए विभागीय संतुलन बनाने का प्रयास किया गया है तो वहीं जन योजनाओं को हर व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए विभागों को बजट का प्रतिशत प्रयोग करने के लिए नीति निर्धारित की गई है। धामी सरकार ने इस बार 5315 करोड़ रुपये का यह अनुपूरक बजट प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मंत्र को आत्मसात करते हुए तैयार किया है और साथ ही यह भी दावा किया है कि यह बजट केवल आंकड़ों का दस्तावेज़ नहीं, बल्कि सतत विकास, समावेशी विकास, नवाचार और आर्थिक सुदृढ़ता की दिशा में भाजपा सरकार संकल्प है जिसका सिद्ध लाभ समाज ओर जन सामान्य को मिलेगा।धामी सरकार ने बजट के माध्यम से राज्य की मानव पूंजी में निवेश और हर वर्ग के समावेशी विकास पर फोकस करने का प्रयास किया है। बजट में आमजन के साथ–साथ किसानों, श्रमिकों, गरीबों, महिलाओं, युवाओं, सुरक्षा बलों और पत्रकारों सहित सभी वर्गों के कल्याण को ध्यान में रखते हुए यह बजट के बिंदु तैयार किए गए हैं ताकि लाभकारी योजनाओं से कोई भी वंचित न रहने पाए। बजट की कुछ खास अन्य सुविधाओं में राज्य में विद्युत टैरिफ सब्सिडी, स्वास्थ्य योजनाओं, प्रधानमंत्री आवास योजना, पुलिसकर्मियों के आवास, तीमारदारों के विश्राम गृह तथा शहीद व पत्रकार कल्याण कोष के लिए समुचित प्रावधान किए गए हैं। इसके अलावा आपदा न्यूनीकरण और पर्यावरणीय संतुलन को भी प्राथमिकता पर रखा गया है। उत्तराखंड में होने वाली आपदाओं को ध्यान में रखते हुए तकनीकी स्तर पर राहत कार्यों को चलाने के लिए सरकार प्रयास कर रही है और यह भी कोशिश है कि भू–धसाव, भूकंप जोखिम, स्प्रिंग मैपिंग, और आपदा राहत हेतु बजट में खास व्यवस्था की गई है। राजधानी देहरादून की यात्रा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए बहु प्रतीक्षित एवं चर्चित रिस्पना–बिन्दाल एलिवेटेड रोड के अलावा पंतनगर एयरपोर्ट विस्तार, कुंभ मेला अवसंरचना, तथा पर्यटन विकास को भी विशेष महत्व दिया गया है। पर्यटन की दृष्टि से ऋषिकेश को योग नगरी और हरिद्वार को आध्यात्मिक पर्यटन नगरी के रूप में विकसित किया जाएगा जबकि नन्दा राजजात यात्रा और शारदा रिवर फंट जैसे सांस्कृतिक व धार्मिक आयोजनों को भी सशक्त किया जा रहा है। देखा जाए तो बजट को सरकार ने हर वर्ग के लिए संतुलित करने का प्रयास किया है जिसमें विकास की सोच पर फोकस रहेगा और सबसे मुख्य बात कि कोई नया कर टैक्स जनता या व्यापारियों पर नहीं थोपा गया है।

# असली अवसरवादी राजनीति

**अजीत द्विवेदी**



तेलंगाना की मुख्य विपक्षी पार्टी भारत राष्ट्र समिति के 10 विधायकों के पाला बदल कर कांग्रेस में जाने के मामले में विधानसभा के स्पीकर के सुप्रीम कोर्ट ने सख्त निर्देश दिया है। सवोच्च अदालत ने कहा है कि स्पीकर इन विधायकों की अयोग्यता के मामले में तीन महीने के अंदर फैसला करें। असल में इस मामले के एक साल से ज्यादा हो गए हैं। नवंबर 2023 में तेलंगाना में विधानसभा चुनाव हुए थे और कांग्रेस पार्टी ने अपने दम पर पूर्ण बहुमत हासिल किया था। चुनाव के थोड़े दिन के बाद मुख्य विपक्षी पार्टी भारत राष्ट्र समिति के विधायकों के टूट कर कांग्रेस में शामिल होने का सिलसिला शुरू हुआ। यह कोई नई बात नहीं है। अवसरवादी राजनीति के लिए उत्तर भारत की हिंदी पट्टी को बेवजह बदनाम किया जाता है।

असली अवसरवादी राजनीति तो दक्षिण के राज्यों में देखने को मिलती है। 2023 से पहले 10 साल तक बीआरएस का राज था तो कांग्रेस के दर्जनों बड़े नेता पाला बदल कर उसके साथ चले गए थे और अब कांग्रेस का राज आया तो उसी अनुपात में बीआरएस के नेता पाला बदल कर कांग्रेस में शामिल हो रहे हैं। बहरहाल, अवसरवादी राजनीति एक अलग मसला है।

अभी तात्कालिक मसला यह है कि बीआरएस छोड़ कर 10 विधायक कांग्रेस में शामिल हुए तो दलबदल विरोधी कानून के आधार पर क्यों नहीं उनकी सदस्यता समाप्त होनी चाहिए? इसमें कोई रॉकेट साइंस नहीं है। 2023 में हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को 64 सीटें मिली थीं और बीआरएस को हिस्से में 39 सीटें आई थीं। दलबदल विरोधी कानून के तहत बीआरएस के टूटने के लिए कम से कम 26 विधायकों का एक साथ आना जरूरी है। अगर उससे कम विधायक टूटते हैं तो उनके ऊपर दलबदल विरोधी कानून लागू होता है और उनकी सदस्यता समाप्त होती है। हालांकि ऐसा नहीं है कि इससे कम विधायक चाहें तो नहीं टूट सकते हैं। वे टूट सकते हैं लेकिन तब उनको विधानसभा से इस्तीफा देना होगा और उनकी सीट पर उपचुनाव होगा। तेलंगाना में इस बेसिक सिद्धांत का उल्लंघन हो रहा है। बीआरएस के 10 विधायक घोषित रूप से कांग्रेस में शामिल हो गए हैं और बीआरएस की ओर से शिकायत के बावजूद स्पीकर उनको अयोग्य नहीं ठहरा रहे हैं।

अब सुप्रीम कोर्ट ने स्पीकर के लिए तीन महीने की समय सीमा तय कर दी है। इस समय सीमा के अंदर उनको फैसला करना होगा। अगर वे बीआरएस से पाला बदलने वाले विधायकों को अयोग्य ठहराते हैं तो उनकी सीटें खाली होंगी और उपचुनाव होगा और अगर अयोग्य नहीं ठहराते हैं तो सुप्रीम कोर्ट में उनकी अयोग्यता पर सुनवाई होगी। तब यह देखना दिलचस्प होगा कि स्पीकर क्या तर्क देते हैं। यह सुनवाई बहुत दिलचस्प और आगे का रास्ता बनाने वाली हो सकती है। हो सकता है कि सुप्रीम कोर्ट हमेशा के लिए इस मामले को सुलझाए और ऐसे मामले में स्पीकर के फैसला करने के लिए एक समय सीमा तय कर दे। आखिर सुप्रीम कोर्ट ने विधानसभाओं से पास विधेयकों पर फैसला करने के लिए राज्यपाल और यहां तक कि राष्ट्रपति के लिए भी एक समय सीमा तय की है। इसको लेकर विवाद चल रहा है और राष्ट्रपति ने अनुच्छेद 142 के तहत प्रेसिडेंशियल रेफरेंस सुप्रीम कोर्ट को भेजा है। परंतु तमिलनाडु सरकार बनाम राज्यपाल के मामले में दिया गया सुप्रीम कोर्ट का वह फैसला नजीर बन गया है।

सो, संभव है कि विधायकों की अयोग्यता के मामले में सुप्रीम कोर्ट स्पीकर के लिए एक समय सीमा तय करे। हालांकि बेहतर यह होता कि सुप्रीम कोर्ट के ऑब्जर्वेशन के आधार पर संसद में इसे लेकर नया कानून बनता। आखिर अगर संविधान में किसी मसले पर चुप्पी है और चुप्पी का फायदा उठा कर संवैधानिक पदों पर बैठे लोग एक या दूसरे राजनीतिक दल को फायदा या नुकसान पहुंचाने का काम करते हैं तो उस पर कानून बनाने का काम तो संसद को ही करना होगा! ध्यान रहे संविधान में इसके लिए कोई समय सीमा नहीं निर्धारित की गई है। जैसे राज्यपालों के लिए कोई समय सीमा नहीं है कि वे कितने दिन के अंदर किसी विधेयक पर फैसला करेंगे वैसे ही स्पीकर के लिए समय सीमा तय नहीं है कि अयोग्यता की शिकायत पर वह कितने दिन में फैसला करेगा। इस लूपहोल का फायदा कई बार सत्तारूढ़ दल की ओर से नियुक्त स्पीकर उठा चुके हैं। झारखंड की पिछली विधानसभा में तीन विधायकों बाबूलाल मरांडी, बंधु तिर्की और प्रदीप यादव की अयोग्यता का मामला पूरे पांच साल तक लंबित रहा।

इस विवाद की वजह से चार साल तक झारखंड विधानसभा में नेता विपक्ष ता पद खाली रहा क्योंकि भाजपा ने बाबूलाल मरांडी को विधायक दल का नेता चुना था, जबकि उनके खिलाफ अयोग्यता का मामला स्पीकर के पास लंबित था और वे उस पर फैसला नहीं कर रहे थे। क्या किसी सभ्य लोकतंत्र में ऐसी स्थिति की कल्पना की जा सकती है? महाराष्ट्र में भी स्पीकर ने शिव सेना के विधायकों की अयोग्यता का मामला लंबे समय तक लंबित रखा था। सुप्रीम कोर्ट की सख्त फटकार और निर्देश के बाद स्पीकर को फैसला करना पड़ा।

इसी तरह संभव है कि तेलंगाना में भी सुप्रीम कोर्ट के निर्देश का पालन करते हुए स्पीकर तीन महीने के अंदर फैसला करें। परंतु यह स्थायी समाधान नहीं है। इस मामले में स्थायी समाधान की जरुरत है, जो संसद से निकले तो ज्यादा बेहतर है। संसद के लिए सुप्रीम कोर्ट का फैसला एक अवसर है। सरकार को इसकी पहल करनी चाहिए कि वह कानून बना कर इस मसले को सुलझाए। ध्यान रहे स्पीकर द्वारा दलबदल करने वाले विधायकों पर कोई फैसला नहीं करना, कदाचार को बढ़ावा देने वाला है। राज्यों में विधायक निजी लाभ के लिए दलबदल करते हैं और सत्तापक्ष के साथ चले जाते हैं। इससे दलबदल विरोधी कानून का उल्लंघन होता है, जनादेश का अपमान होता है और कदाचार को बढ़ावा मिलता है।

इसलिए जितनी जल्दी हो सरकार या तो दलबदल विरोधी कानून में कुछ बदलाव करे या कोई नया कानून लाकर स्पीकर के लिए समय सीमा तय करे। संसद से लेकर विधानसभाओं तक के लिए यह कानून होना चाहिए। अगर सरकार इसकी पहल करती है तो निश्चित रूप से विपक्ष को इसका साथ देना चाहिए। अगर ऐसा नहीं होता है तो जैसे सुप्रीम कोर्ट के आदेश से महाराष्ट्र का मसला सुलझा वैसे ही तेलंगाना का भी सुलझ जाए और आगे हमेशा के लिए विवाद की संभावना बनी रहेगी।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चीन यात्रा

**हरिशंकर व्यास**

खबर है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चीन जा रहे है। 31 अगस्त से 1 सितंबर 2025 के बीच तियानजिन में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन के शिखर सम्मेलन में शायद भाग ले। सन् 2020 में गालवान घाटी में चीन की दादागिरी के बाद उनकी यह पहली चीन यात्रा होगी। और क्या गजब है जो भारत पर ट्रंप के टैरिफ की घोषणा के बाद भारत में चीन के राजदूत झू फेइहोंग ने ट्रंप को धौंस जमाने वाला (बुली) कहा और बिना किसी का नाम लिए एक्स पर लिखा–अगर आप एक बुली को एक इंच देंगे, तो वह एक मील ले लेगा। यह भी बताया कि चीन के विदेश मंत्री वांग यी और ब्राज़ील के राष्ट्रपति के मुख्य सलाहकार के बीच बातचीत हुई है।उधर अजित डोवाल रूस गए और फिर खबर थी कि राष्ट्रपति पुतिन साल के आखिर में भारत यात्रा पर आएगें। ध्यान रहे ट्रंप से पहले प्रधानमंत्री मोदी ने शी जिन पिंग के साथ ही झूला झूला था और राष्ट्रपति पुतिन के वे वैसे ही सखा था जैसे बाद में डोनाल्ड़ ट्रंप के हुए। अब ट्रंप बिगडे है तो प्रधानमंत्री को वे पुतिन और शी जिन पिंग याद आए है जो पूरी दुनिया के लिए फिलहाल नंबर एक युद्ध अपराधी तथा विश्व की आर्थिकी को खाने वाला ड्रेगन है। सबसे गंभीर बात कि घंटे–आधे घंटे के जिस 'आपरेशन सिंदूरइ में भारत के लडाकू विमानों को नुकसान हुआ वह पाकिस्तानी सेना के साथ चीन की सेना के प्रत्यक्ष–परोक्ष साझे से था। तब रूस ने भी भारत के लिए एक शब्द नहीं बोला था। लेकिन इन दो नेताओं के साथ प्रधानमंत्री मोदी फिर से झूला झूल कर ट्रंप को अपना रूतबा बताएंगे। सवाल है विश्व राजनीति के तड़ीपार पुतिन की दिल्ली में मेजबानी और शी जिन पिंग की मेहमानवाजी भोगने से क्या भारत की शान बढ़ेगी? क्या चीन–रूस अब भारत से वह निर्यात खरीद लेंगे जो अमेरिका खरीदता है? इससे भी अंहम सवाल है कि क्या मोदी सरकार को गलवान से आपरेशन सिंदूर तक के अनुभवों में इतना भी समझ नहीं आया कि चीन का हर व्यवहार भारत से दुश्मनी का है। जबकि वह पाकिस्तान का सरपरस्त ही नहीं है बल्कि उसके भारत विरोधी सैन्य ऑपरेशन में साझेदार भी था। उधर चीन अब रूस का भी वैसे ही सरपरस्त है जैसे पाकिस्तान का है। दक्षिण एसिया, पूरे एसिया का बुली (गुंडा–दादा) चीन है या अमेरिका? भारत को पहले धंधे, टैरिफ की चिंता करनी चाहिए या सीमा की सुरक्षा, सामरिक, भूराजनैतिक हितों की? क्या प्रधानमंत्री दफ्तर, विदेश मंत्रालय, अजित डोवाल के दफ्तर में इतनी भी मेमोरी नहीं है जो ध्यान रहे कि इसी मई के महिने में ही पाकिस्तान ने चीनी लडाकू विमान, चीन की मिसाइल, सेटेलाइट इमेज के बेकअप से भारत की सेना को जवाब दिया। चीन के सैन्य अधिकारी, मंत्री इस्लामाबाद में बैठे रहे। और रूस याकि पुतिन ने उस दौरान एक भी ऐसा संकेत नहीं दिया जिससे भारत की हिम्मत बंधे। कोई न माने मेरा मानना है कि रूस और पाकिस्तान दोनों अब चीन के नेता शी जिन पिंग के वफादार पट्ठे है। चीन ने ही जनरल मुनीर को ट्रंप के यहां कूटनीति का रोडमैप दिया हुआ होगा। फिलहाल पाकिस्तान, कतर, चीन सभी चाहते है कि हाल के दशकों में उभरते भारत, भीड की बाजार ताकत वाले भारत से विश्व राजनीति में भारत की बनी पहचान जैसे भी हो पंचर हो। यदि ट्रंप ने भारत को रूस से नत्थी कर, उस जैसी डेड इकॉनोमी वाला देश करार दिया तो वह पाकिस्तान, चीन के लिए क्या राजनैतिक–सामरिक–आर्थिक तौर पर फायदेमंद नहीं होगा?

# टूडो या ट्रंप का सामना

**हरिशंकर व्यास**

क्या आपको पता है पीवी नरसिंहराव सरकार के बाद दुनिया के किस देश ने भारतीयों का सर्वाधिक स्वागत किया? उन्हे रोजगार–नागरिकता दी? जवाब है अमेरिका और कनाड़ा। कनाड़ा में 1996 में कोई सवा छह लाख भारतीय थे अब कोई उन्नीस लाख है। ऐसे ही अमेरिका में 2002 से 2023 के बीच तेरह लाख भारतीयों को नागरिकता मिली है। अमेरिका में अब मेक्सिको के बाद सर्वाधिक प्रवासी भारतीय है! डेमोक्रेटिक पार्टी के बिल क्लिंटन हो या रिपब्लिकन बुश या डेमोक्रेटिक ओबामा सभी ने भारतीयों को मौका दिया। यही स्थिति कनाड़ा में टूडो सरकार तक रही।लेकिन अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार की करनी–धरनी से आज क्या स्थिति है? दोनों देशों से भारत दुनिया में बदनाम है। डेड इकॉनोमी, तड़ी पार पुतिन का साथी और सार्वभौम देश में हत्याएं करवाने वाले भारत का वैश्विक नैरेटिव बनाए हुए है। भारत के लंगूर भक्त भले ट्रंप को अब एक्सपोज कर अपने को सूरमा मान रहे है लेकिन दुनिया तो अमेरिका, कनाड़ा को सुनती है। कनाड़ा ने तो भारत के लोगों को वीसा देने में भी कोताही बरती हुई है! रिश्ते ठप्प है और वहा हिंदू कलपते हुए है।पिछले दो सप्ताह से डोनाल्ड़ ट्रंप और उनके डिप्टी चीफ ऑफ स्टाफ ने जिस तरह भारत को बदनाम किया है उससे लगता है कि ट्रंप या तो नरेंद्र मोदी को झूका कर मानेंगे या भारत को चीन, रूस की और धकेल कर विश्व राजनीति में उसकी तड़ी पार वाली दशा बना देंगे। भारत न इधर का रहेगा और न उधर का।सवाल है भारत–अमेरिका रिश्तों की ऐसी दशा के हालातों का स्पार्किंग बिंदु कौन सा है? बाईस मिनट का "आपरेशन सिंदूर"। यह इतिहास को अब प्रधानमंत्री मोदी, विदेश मंत्री जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोवाल की वह देन है जो भारत की भावी पीढ़ियों के लिए लम्हों ने खता की सदियों ने सजा पाई के नाते याद रहेगी।इस आपरेशन की तैयारी करते हुए आगा–पीछा कुछ भी नहीं सोचा गया। इतना भी नहीं कि फंला–फंला सिनेरियों में ट्रंप को कैसे हैंडल करेंगे? पाकिस्तान क्या तैयारी किए बैठा होगा? उसे कही चीन की सेना, तकनीक, हथियारों की बैकअप तो नहीं है? यदि उसने परमाणु मिसाईल भारत की और मोड़ अमेरिका को आगाह किया तब यदि ट्रंप प्रशासन ने दखल दी तो प्रधानमंत्री दफ्तर उसके फोन को उठाएगा या अपनी परमाणु मिसाईले पाकिस्तान की और एक्टीव करेगा ताकि दुनिया को मालूम हो कि हम डरते नहीं। जाहिर है भारत ने डोनाल्ड ट्रंप, जनरल मुनीर, शी जिनपिंग के दिमाग को समझे बिना ही आपरेशन सिंदूर रचा। यह बेसिक समझ भी नहीं रखी कि ट्रंप अंहकारी, पागल है, जनरल मुनीर उन्मादी–धूर्त है और उसके पीछे शैतान चीन है। इतना आगा–पीछा तो सोचना था, ट्रंप को कह देना था कि अमेरिका बिल्कुल दखल न करें। हम अंत तक लड़ेंगे। हमें पाकिस्तान को ठोकना या हैंडल करना आता है। सो अब ट्रंप भारत की वह बदनामी करते हुए है जिससे भारत की भू–राजनीति, विश्व राजनीति, सामरिक–क्षेत्रिय सुरक्षा तथा उसके निर्यात सब खतरे में है। 1995 में उदारीकरण के बाद, भूमंडलीकरण से भारत का जो मान बना था, जो रणनीतिक–आर्थिक रचना बनी थी वह मिट्टी में मिल गई है। पाकिस्तानी सेना के प्रमुख जनरल असीम मुनीर इसी महिने फिर अमेरिका जा रहे है। ट्रंप के साथ फिर उनकी मुलाकात संभव है। अमेरिका–पाकिस्तान का नया गठजोड शक्ल लेता हुआ है। व्हाइट हाउस के उप प्रमुख स्टाफ और ट्रंप के सबसे करीबि सहयोगियों में से एक, स्टीफन मिलर का यह ताजा कहा गंभीर है कि "लोग यह जानकर चौंक जाएंगे कि रूस से तेल खरीदने के मामले में भारत लगभग चीन के बराबर है। यह एक चौंकाने वाला तथ्य है।"इस तरह बोलना योरोपीय संघ, ब्रिटेन, जापान, आस्ट्रेलिया जैसे पश्चिमी देशों की उस जमात में भारत को खलनायक बनाना है जो यूक्रेन पर रूस की आक्रमकता से सुलगे हुए है। यदि रूस से धंधे के हल्ले में ट्रंप ने सचमुच भारत पर 25 प्रतिशत टॅरिफ बढ़ा दिया तो दुनिया में इसका मनोवैज्ञानिक असर होगा। तब क्वाड़ एलायंस हो या अमेरिका की जगह ब्रिटेन, योरोपीय संघ को निर्यात बढ़ाना सब भारत के लिए मुश्किल होगा। यह भूल जाए कि पुतिन लड़ाई बंद कर या योरोप से माफी मांग तथा ट्रंप की पैरवी से वापिस जी–7 समूह के माननीय सदस्य बन जाएगें। इसलिए क्योंकि पुतिन और रूस सौ टका चीन जैसा चाहेगा वैसा करेंगे। तभी ट्रंप और अमेरिका को येन–केन संभालना भारत की फिलहाल परम आवश्यकता है। पर हालात वही है जो कनाड़ा के संकट के समय थे। मोदी सरकार में वह सक्षमता है ही नहीं जो टूडो या ट्रंप का सामना कर सच्चाई से भूल–चूक लेनी–देनी से कूटनीति साधे!

# आर्यन खान का बैड्स ऑफ बॉलीवुड का पहली झलक आई सामने




देवियो और सज्जनों अपनी सीट बेल्ट कसकर बांध लीजिए क्योंकि नेटफ्लिक्स आपको एक मजेदार सफर पर ले जाने के लिए पूरी तरह तैयार है. जी हां,इस ओटीटी प्लेटफॉर्म ने शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान के साथ मिलकर एक नया प्रोजेक्ट लॉन्च किया है, जो डिजिटल स्पेस के आम शोज से कहीं ज्यादा मसालेदार, शानदार और रोमांचक होने का वादा करता है. मेकर्स ने आज, बैड्स ऑफ बॉलीवुड का फर्स्ट लुक जारी किया है. साथ ही इस शो के प्रीव्यू की तारीख का भी खुलासा किया है.

बीते शनिवार को शाहरुख खान ने फैंस से बातचीत करने के लिए एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर आस्कएसआरके सेशन रखा. इस दौरान अपने बेटे आर्यन खान की आगामी निर्देशन शो के बारे में एक अपडेट दिया. उन्होंने पोस्ट में लिखा, इतने सारे लोग पूछ रहे हैं इसलिए नेटफ्लिक्स को बताना होगा... बेटा शो बना रहा है, बाप सिर्फ वेट कर रहा है.नेटफ्लिक्स तुम क्या कर रहे हो. इस पोस्ट पर नेटफ्लिक्स ने उनके ट्वीट किया और शाहरुख की ब्लॉकबस्टर फिल्म जवान की एक डायलॉग को याद करते हुए कहा, बेटे का टीजर पोस्ट करने से पहले बाप से परमिशन चाहिए थी. पहला लुक कल (17 अगस्त को) जारी होगा. इस खबर के बाद फैंस उत्सुकता काफी बढ़ गई.फैंस की उत्सुकता को शांत करने के लिए शाहरुख खान ने बै***ड्स ऑफ बॉलीवुड का फर्स्ट लुक जारी किया है. किंग खान ने इंस्टाग्राम पर बैड्स ऑफ बॉलीवुड का फर्स्ट लुक शेयर किया है और कैप्शन में लिखा है, ज्यादा हो गया? आदत डाल लो. बै***ड्स ऑफ बॉलीवुड का प्रीव्यू 20 अगस्त को होगा.

## तेम्बा बावुमा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जड़ा पहला वनडे अर्धशतक

नईदिल्ली,दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के कप्तान तेम्बा बावुमा ने मंगलवार (19 अगस्त) ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के खिलाफ वनडे सीरीज के पहले मुकाबले में बेहरतनी बल्लेबाजी करते हुए अर्धशतकीय पारी (65) खेली। यह उनके वनडे करियर का 8वां और कंगारू टीम के खिलाफ पहला ही अर्धशतक रहा, जिसे उन्होंने 64 गेंदों में पूरा किया। उनकी इस पारी की बदौलत ही प्रोटियाज टीम मजबूत स्कोर खड़ा करने में सफल रही। आइए उनकी पारी और आंकड़े जानते हैं। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी प्रोटियाज टीम को 92 रन के कुल स्कोर पर रयान रिकेल्टन (33) के रूप में पहला झटका लगा था। उसके बाद बल्लेबाजी पर उतरे बावुमा ने पहले एडेन मार्करम (82) के साथ दूसरे विकेट के लिए 39 रन की साझेदारी निभाई। उसके बाद मैथ्यू ब्रीट्जके (57) के साथ तीसरे विकेट के लिए 92 रन की साझेदारी की। वह अपनी पारी में 74 गेंदों में 5 चौकों की मदद से 65 रन बनाकर आउट हुए। बावुमा ने सितंबर 2016 में आयरलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ वनडे डेब्यू किया था।

# शुभमन गिल की वापसी को लेकर सूर्यकुमार ने दिया बड़ा बयान



मुंबई, एशिया कप के लिए भारतीय टीम में शुभमन गिल की वापसी पर कप्तान सूर्यकुमार यादव ने प्रसन्नता जताई और कहा कि वह उन्हें उपकप्तान के रूप में पाकर खुश हैं। इसके साथ ही सूर्य ने दूसरे विकेटकीपर के रूप में जितेश शर्मा को चुने जाने पर कहा कि वह इसके हकदार हैं। सूर्य ने कहा कि पिछले साल के टी–20 विश्व कप के बाद यह पहला बड़ा टूर्नामेंट है। यह खुद को परखने के लिए एक अच्छा टूर्नामेंट है। इसके बाद भी काफी टी–20 मैच होंगे। यहीं से सफर शुरू होता है। टीम चयन के बाद प्रेस कांफ्रेंस में सूर्य ने कहा, गिल ने जब पिछली बार भारत के लिए टी–20 मुकाबला खेला था तब हम टी–20 विश्व कप के बाद श्रीलंका गए थे। मैं उस समय कप्तान था और वह उपकप्तान थे। हमने तब अगले टी–20 विश्व कप के लिए एक नया चक्रशुरू किया था। उसके बाद वह टेस्ट सीरीज में व्यस्त हो गए। उन्हें टी–20 खेलने का मौका नहीं मिला, क्योंकि वह टेस्ट क्रिकेट के साथ–साथ चैंपियंस ट्रॉफी में भी व्यस्त थे। वह अब टीम में हैं और हमें खुशी है कि वह हमारे साथ हैं। जितेश के बारे में सूर्य ने कहा, उन्होंने बीते आइपीएल सत्र में आरसीबी और घरेलू टूर्नामेंटों में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने अपने प्रदर्शन के बूते राष्ट्रीय टीम में जगह बनाई है। भारतीय कप्तान ने हर्षित राणा को टीम में शामिल किए जाने का भी बचाव किया।

**हम चाहते हैं कि बुमराह बड़े मैचों में उपलब्ध रहें**

मुख्य चयनकर्ता अजित अगरकर ने कहा कि जसप्रीत बुमराह को लेकर योजना में कोई बदलाव नहीं होगा क्योंकि वे चाहते हैं कि वह सभी बड़े मुकाबलों के लिए उपलब्ध रहे। बुमराह के कार्यभार प्रबंधन को लेकर हो रही आलोचनाओं पर अगरकर ने कहा, अधिकतर तेज गेंदबाजों पर नजर रखी जाती है।

# एसजे सूर्या, प्रीति असरानी, श्री गोकुलम मूवीज की महत्वाकांक्षी पैन इंडिया फिल्म किलर का फर्स्ट लुक जारी



एसजे सूर्या अपनी नई फिल्म किलर के साथ निर्देशन में वापसी कर रहे हैं, जिसमें वे मुख्य भूमिका भी निभाएंगे। उन्होंने इस फिल्म की कहानी, पटकथा और संवाद भी खुद लिखे हैं। किलर का निर्माण सूर्या के अपने प्रोडक्शन हाउस, एंजेल स्टूडियोज़ और श्री गोकुलम मूवीज़ द्वारा बड़े पैमाने पर किया जा रहा है, जिसका नेतृत्व अनुभवी निर्माता गोकुलम गोपालन कर रहे हैं। इस फिल्म के सह–निर्माता वीसी प्रवीण और बैजू गोपालन हैं, जबकि कृष्णमूर्ति कार्यकारी निर्माता हैं।

प्रीति असरानी इस फिल्म की मुख्य अभिनेत्री हैं। पोस्टर के पहले लुक में एसजे सूर्या एक उग्र और स्टाइलिश अवतार में नज़र आ रहे हैं, एक हाथ में बंदूक लिए हुए और दूसरे हाथ में फिल्म की मुख्य अभिनेत्री प्रीति असरानी। लाल साड़ी पहने और गुलाबों का गुलदस्ता लिए हुए, प्रीति बेहद आकर्षक और लाजवाब लग रही हैं। दोनों मुख्य कलाकारों के बीच की केमिस्ट्री तुरंत ध्यान खींच लेती है।

## दिव्या खोसला कुमार की एक चतुर नार का ट्रेलर जारी

बॉलीवुड की जानी–मानी निर्देशक, फिल्म निर्माता और अभिनेत्री दिव्या खोसला कुमार इन दिनों अपनी आगामी फिल्म एक चतुर नार को लेकर चर्चा में हैं। इस थ्रिलर फिल्म के लिए दिव्या के साथ अभिनेता नील नितिन मुकेश नजर आएंगे। एक चतुर नार के निर्देशन की कमान उमेश शुक्ला ने संभाली है, जिन्हें 102 नॉट आउट और ओएमजी जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है। अब फिल्म एक चतुर नार को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। एक चतुर नार का ट्रेलर रिलीज हो गया है। निर्माताओं ने इसकी जानकारी देते हुए लिखा, ट्रेलर का असली मजा सिर्फ बड़े पर्दे पर। एक चतुर नार का ट्रेलर वॉर 2 के साथ सिर्फ सिनेमाघरों में देखें।

# यशस्वी जायसवाल हुए बाहर तो घिरने लगे गौतम गंभीर



नई दिल्ली। बाएं हाथ के युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल अगले महीने से यूएई में शुरू हो रहे एशिया कप–2025 के लिए टीम इंडिया में जगह नहीं बना सके। इस बार एशिया कप टी20 फॉर्मेट में खेला जाना है और यशस्वी लंबे समय से इस प्रारूप में नहीं उतरे हैं। टीम सेलेक्शन के बाद भारत के हेड कोच गौतम गंभीर का एक पुराना वीडियो वायरल हो रहा है जिसे लकर वह घिर गए हैं। इस वीडियो में गंभीर भारतीय टीम में यशस्वी को चुनने की वकालत करते नजर आ रहे हैं। गंभीर को अब इसलिए घेरा जा रहा है क्योंकि जब वह कोच नहीं थे तब यशस्वी को टी20 में खिलाने की वकालत कर रहे थे और अब जब वह कोच हैं तो उन्होंने इस बल्लेबाज को नजरअंदाज कर दिया।

**गंभीर ने क्या कहा?**

गंभीर का ये वीडियो साल 2023 का है जिसमें वह टी20 वर्ल्ड कप के लिए यशस्वी की पैरवी कर रहे हैं। इस वीडियो में गंभीर कह रहे हैं, "मुझे लगता है कि यशस्वी जायसवाल को टी20 टीम का हिस्सा होना चाहिए, सिर्फ एक टूर्नामेंट के लिए नहीं बल्कि अगले वर्ल्ड कप के लिए। यशस्वी ने सिर्फ आईपीएल में ही अच्छा खेल नहीं दिखाया है। उन्होंने दोहरा शतक भी जमाया है। घरेलू क्रिकेट में तिहरा शतक जमाया।" गंभीर ने कहा, "उन्होंने लिस्ट–ए में विजय हजारे टूर्नामेंट में दोहरा शतक भी ठोका है। उन्होंने जो आईपीएल में किया है वो सोने पर सुहागा है। इसलिए उन्हें तीनों फॉर्मेट की टीम का हिस्सा होना चाहिए।"

**गिल को मिली तरजीह**

एशिया कप में यशस्वी की जगह शुभमन गिल को तरजीह दी गई है। वह टीम के उप–कप्तान भी बनाए गए हैं। गिल लंबे समय से टी20 टीम से बाहर थे, लेकिन आईपीएल में उन्होंने दमदार खेल दिखाया और हाल ही में इंग्लैंड दौरे पर भी उनका बल्ला जमकर चला। इंग्लैंड दौरे पर वह टीम के कप्तान भी थे। ऐसे में यशस्वी को नजरअंदाज कर गिल को जगह दी गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### बारिश बन रही चुनौती, बंद हुआ राष्ट्रीय राजमार्ग

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : बरसात के मौसम में कोटद्वार-दुगड्डा के मध्य राष्ट्रीय राजमार्ग पर चुनौतियां कम नहीं हो रही। बारिश वाहनों का राष्ट्रीय राजमार्ग से आवागमन खतरनाक होता जा रहा है। मंगलवार को भी बारिश के दौरान पांचवे मील से आगे रपटे पर भारी मलबा व पानी आ गया। इस कारण राष्ट्रीय राजमार्ग पर आवागमन बंद रहा। वहीं, कई स्थानों पर पहाड़ी से बोल्डर गिर रहे थे।

कोटद्वार-दुगड्डा के बीच 15 किलोमीटर के सफर में बीस से अधिक डेंजर जोन बने हुए हैं। हल्की वर्षा होने पर पहाड़ी से पत्थर व बोल्डर गिर रहे हैं। कीचड़ के कारण मार्ग से दोपहिया वाहनों का आवागमन मुश्किल होता जा रहा है। पूरे सफर के दौरान वाहनों के रपटने का खतरा बना हुआ है। वर्षा होने से कोटद्वार से करीब आठ किलोमीटर आगे बरसाती रपटे पर जल स्तर बढ़ने के साथ ही मलबा व बोल्डर आने से मार्ग बाधित हो गया। उधर, दोपहर के समय रपटे से आगे मोड़ पर अचानक पहाड़ी से बड़े बोल्डर सड़क में आ गिरे, जिससे मार्ग बाधित हो गया। पहाड़ी से बोल्डर गिरने के कारण प्रशासन ने आनन-फानन में कोटद्वार व दुगड्डा में वाहनों को रोक दिया। साथ ही बड़ी मशीनों के जरिए मार्ग पर आए बोल्डर व मलबे हो हटवाया। पहाड़ी से बोल्डर गिरने का खतरा लगातार बना हुआ है।

### सद्भाव सत्संग में उमड़ी लोगों की भीड़

जयन्त प्रतिनिधि।कोटद्वार : प्रखंड द्वारीखाल के अंतर्गत गुमखाल बाजार में आयोजित सद्भावना सत्संग समारोह में महात्मा संतोषनंद ने आध्यात्मिक ज्ञान का संदेश दिया। सद्भावना सत्संग में क्षेत्र के महिला मंगल दलों, कीर्तन मंडलियों सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व ब्लाक प्रमुख महेंद्र राणा व महात्मा संतोषनंद ने किया। समारोह में बिंदेश्वरी बाई, निधि बाई, दीनबंधु बाई, ललिता बाई, सपना बाई ने शानदार भजनों की प्रस्तुति दी। महात्मा संतोषनंद ने अपने प्रवचनों से श्रोताओं को आध्यात्मिक ज्ञान का संदेश दिया। कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व प्रमुख महेंद्र राणा ने सत्संग की प्रशंसा करते हुए कहा कि सद्भावना सत्संग के माध्यम से लोगों को मानवता की सेवा करने व समाज में सौहार्द का वातावरण बनाए जाने का संदेश दिया जाता है, इसके अलावा आध्यात्मिक ज्ञान का संदेश भी दिया जाता है। इस मौके पर दशरथ सिंह रावत, अर्जुन सिंह, मनमोहन सिंह बिष्ट, सूर सिंह, रूप सिंह, गुड्डू रावत, अजय, प्रमोद बंसल, जय सिंह, सते सिंह मौजूद रहे।

### गंगा में कूड़ा फेंकने वालों पर होगी कठोर कार्रवाई : डीएम

श्रीनगर गढ़वाल : गंगा नदी की स्वच्छता को लेकर सख्ती बरतते हुए जिलाधिकारी पौड़ी स्वाति एस भदौरिया ने कहा कि नदी किनारे कूड़ा फेंकना किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हाल ही में गंगा में कूड़ा फेंकते हुए एक वीडियो वायरल हुआ था, जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी को दोषी व्यक्ति पर जुर्माना लगाने के निर्देश दिए। कहा कि गंगा और अन्य नदी किनारों पर कूड़ा फेंकने की अनुमति नहीं है और नियम तोड़ने वालों पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। डीएम ने बताया कि जो लोग अपने घर या प्रतिष्ठान का कूड़ा अलग-अलग श्रेणियों में नहीं देंगे, उनका यूजर चार्ज दुगना किया जाए। उन्होंने साफ-सफाई और कचरा प्रबंधन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त न करने की बात कही। जिलाधिकारी ने जिस स्थान पर कूड़े के ढेर थे, वहां पर ह्वेस्ट टू वंडर पार्कह्व बनाने, पार्क में पार्किंग की व्यवस्था करने, इंटर लॉकिंग टाइल्स बिछाने और आर्टिफिशियल घास लगाने के निर्देश दिए, ताकि पार्क आकर्षक और सुव्यवस्थित विकसित हो सके। इस मौके पर सहायक नगर आयुक्त रविराज बंगारी, सफाई निरीक्षक शशि पंवार आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

### इटली की भाषाएं सीखेंगे शिवम

नई टिहरी : केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय श्री रघुनाथ कीर्ति परिसर के छात्र शिवम कुमार का चयन इटली में लैटिन और ग्रीक भाषाओं को सीखने के लिए हुआ है। वहां की अकादमी ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के आधार पर शिवम का चयन किया है। केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय ने इटली की अकादमी-अकादेमिया विवारियम नोवुम (एवीएन) के साथ दोनों देशों की भाषा और संस्कृति के आदान-प्रदान और इन्हें बढ़ावा दिए जाने को लेकर आपसी सहयोग समझौता किया था। कुलपति प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी की पहल पर 1 से 3 अगस्त तक आयोजित आन लाइन सेमिनार में इटली के प्रोफेसरों ने वहां की भाषा, संस्कृति व परंपराओं पर विभिन्न व्याख्यान दिये थे।

# दो वर्ष बाद भी नहीं बना सिद्धबली पार्क का पुश्ता

**खोह नदी की भेंट चढ़ गया था सिद्धबली पार्क का पुश्ता,नदी की ओर से लगातार खोखला होता जा रहा पार्क**

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : वन विभाग अपनी जिम्मेदारियों को लेकर कितना लापरवाह है इसका प्रत्यक्ष उदाहरण सिद्धबली पार्क में देखने को मिल रहा है। जहां दो वर्ष पूर्व भूमि का हिस्सा खोह नदी में ढह गया था। लेकिन, वन विभाग ने अब तक पुश्ते की मरम्मत नहीं करवाई। नतीजा, लगातार हो रही वर्षा व खोह नदी उफान पर आने से पुश्ते के नीचे का हिस्सा लगातार खोखला होता जा रहा है। ऐसे में कब बड़ा हादसा हो जाएं कुछ कहा नहीं जा सकता। जबकि, पार्क में सुबह-शाम बच्चे व युवा कसरत करने के लिए पहुंचते हैं।



कोटद्वार के श्री सिद्धबली मंदिर के समीप वर्षाकाल के समय ढह पार्क का हिस्सा

वर्ष 2021 में कालागढ़ टाइगर रिजर्व वन प्रभाग ने सिद्धबली पार्क का जीर्णोद्धार करवाया गया था। इसके लिए बाकायदा पार्क में नए झूले व गमलों में तरह-तरह के फूल लगाए गए थे। पार्क की स्थिति सुधरने के बाद शहर के कई बुजुर्ग व बच्चे सुबह व शाम के समय पार्क में टहलने के लिए पहुंचने लगे। साथ ही सिद्धबली मंदिर आने वाले बच्चे भी पार्क में खेलते थे। लेकिन, वर्तमान में पार्क की बदहाली के कारण कई लोगों ने पार्क में घूमना बंद कर दिया। सुबह-शाम केवल कसरत करने वाले बच्चे व युवा ही पार्क में पहुंचते हैं। लेकिन, वर्तमान में वन विभाग की लापरवाही इन बच्चों व युवाओं के जीवन पर भारी पड़ सकती है। पुश्ते को क्षतिग्रस्त हुए दो वर्ष से अधिक का समय बीत चुका है। बावजूद इसके मरम्मत की सुध नहीं ली गई।

हालत यह है कि यदि कोई भी पार्क के इस हिस्से से नीचे गिरा तो वह सीधे खोह नदी में जाकर गिरेगा। सबसे अधिक खतरा बच्चों के लिए बना हुआ है। अधिकांश कसरत के उपकरण भी इसी खतरे की जद में आए स्थान पर लगे हुए हैं।

#### नहीं दिख रहे इंतजाम

वर्षाकाल में कटाव के बाद पार्क के उस हिस्से की भूमि नीचे से खोखली हो चुकी है। ऐसे में कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। बाजवूद वन विभाग ने अब तक उक्त स्थान पर कोई ऐसे इंतजाम नहीं किए, जिससे पता चले कि पार्क के इस हिस्से में आवागमन खतरनाक है। सबसे अधिक खतरा शाम के समय बना रहता है। दरअसल, पार्क में लाइट की व्यवस्था नहीं होने के कारण यह हिस्सा दिखाई नहीं देता।

# शादी का झांसा देकर युवती से ठगी रकम, गिरफ्तार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : भाबर निवासी एक युवती से शादी का झांसा देकर ठगी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। युवक ने युवती से स्वयं के भारतीय सेना में कार्यरत होने की बात कही थी।

मामले में भाबर निवासी युवती की ओर से कोतवाली में तहरीर दी गई थी। जिसमें उन्होंने बताया कि कुछ माह पूर्व उनके मोबाइल पर एक अंजान नंबर से फोन आया। फोन करने वाले व्यक्ति ने स्वयं को सेना में कमांडो पद पर होने की बात कही। साथ ही उनके समक्ष मित्रता का प्रस्ताव रखा। बताया कि धीरे-धीरे बात करते हुए व्यक्ति ने उनसे शादी का प्रस्ताव रखा। बताया कि एक दिन व्यक्ति का फोन आया कि वह किसी स्थान पर आया हुआ है और उसे तुरंत एक लाख पच्चीस हजार रुपये की आवश्यकता पड़ रही है। जिसके बाद उन्होंने अपने फोन के माध्यम से उसे रकम भेज दी। बताया कि इसके बाद व्यक्ति ने बात करना भी बंद कर दिया। पुलिस ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की गई। मामले में अल्मोड़ा, रानीखेत निवासी भानु प्रकाश वर्मा उर्फ कमल को गिरफ्तार किया गया है। बताया कि आरोपित उदयपुर स्थित एक होटल में काम करता है। उसने इंटरनेट मीडिया पर भारतीय सेना के नाम से फर्जी अकाउंट भी बनाए हुए थे।



कोटद्वार कोतवाली पुलिस हिरासत में आरोपी

# तहसील दिवस में छाई रही मूलभूत समस्याएं

**22 अगस्त को एकेश्वर में लगेगा विशेष शिविर**

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया की अध्यक्षता में मंगलवार को एकेश्वर में तहसील दिवस का आयोजन किया गया। तहसील दिवस में जंगली जानवरों, बंदरों के आतंक से फसल क्षति के बढ़ते मामले, सड़क सुधारीकरण, पेड़ कटवाने की समस्या, बिजली कटौती, पेयजल संबंधी शिकायतें दर्ज कराई गई। आधार कार्ड बनवाने में आ रही शिकायतों को लेकर डीएम ने 22 अगस्त को एकेश्वर में विशेष शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए।

मंगलवार को आयोजित तहसील दिवस में धर्म सिंह द्वारा पीएम राजीव गांधी नवोदय स्कूल की सुरक्षा दीवार, पेयजल आपूर्ति और अभिभावक-शिक्षक संघ से संबंधित समस्याओं को रखा। डीएम ने संबंधित अफसरों को जल्द ही संबंधित समस्याओं को प्राथमिकता के साथ हल करने के निर्देश दिए। शिविर में विभागीय स्टॉल के माध्यम से 122 लोगों को लाभान्वित किया गया। शिविर के दौरान डीएम ने राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिमारखाल के कक्षा 10 के छात्र सूरज सिंह द्वारा बनाए गए भूकंप अलार्म मॉडल भी देखा। तहसील दिवस में मुख्य विकास अधिकारी गिरीश गुणवंत, उपजिलाधिकारी श्रेष्ठ गुनसोला, सीएमओ डा. शिवमोहन शुक्ला, सीईओ नागेंद्र बर्तवाल आदि मौजूद रहे।

### शिक्षकों की चॉक डाउन हड़ताल जारी, पठन-पाठन प्रभावित

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : पदोन्नति और तबादलों सहित विभिन्न मांगों पर कोई कदम नहीं उठाए जाने से नाराज राजकीय शिक्षक संघ की स्कूलों में चॉक डाउन हड़ताल मंगलवार को दूसरे दिन भी जारी रही। जिस कारण स्कूलों में पठन-पाठन प्रभावित हो रहा है। इस हड़ताल में संघ से जुड़े करीब ढ़ाई हजार शिक्षक अकेले पौड़ी जिले के शामिल है। राजकीय शिक्षक संघ के जिला मंत्री पौड़ी वृजेंद्र बिष्ट ने बताया कि शिक्षक लंबे समय से अपनी विभिन्न मांगों को उठा रही है, लेकिन इसके बावजूद शिक्षकों की मांगों पर कोई कदम नहीं उठाया जा रहा है।

इस वजह से विवश होकर राजकीय शिक्षक संघ ने अपना चरणबद्ध आंदोलन शुरू किया है। जिसमें 25 अगस्त शिक्षक ब्लाक मुख्यालयों पर धरना देंगे। यदि इसके बावजूद साकारात्मक परिणाम नहीं आते तो 27 अगस्त को जिला मुख्यालय और 29 अगस्त को मंडल मुख्यालय पर एक दिवसीय धरना दिया जायेगा।

# आय प्रमाण पत्र की बाध्यता को समाप्त करने की मांग

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : पार्षदों ने राशन कार्ड को अपडेट करवाने के लिए आय प्रमाण पत्र की बाध्यता को समाप्त करने की मांग की है। कहा कि वर्तमान में आय प्रमाण पत्र बनवाने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ रही है। उनका पूरा दिन आय प्रमाण पत्र बनाने की लाइन में ही बीत रहा है। कहा कि जनता के हित को देखते हुए आय प्रमाण पत्र की बाध्यता को समाप्त किया जाना चाहिए।

मंगलवार को पार्षदों ने तहसील परिसर में पहुंचकर मुख्य प्रशासनिक अधिकारी उमेश चंद्र पांथरी को ज्ञापन दिया। बताया कि वर्तमान में राशन कार्ड के सत्यापन की प्रक्रिया चल रही है। ऐसे में उपभोक्ताओं से आय प्रमाण पत्र के साथ ही अन्य दस्तावेज मांगें गए हैं। कहा कि लोगों के पास पहले से ही आय प्रमाण पत्र बने हुए है। ऐसे में दोबारा आय प्रमाण पत्र बनवाने के लिए लोगों को ई-डिस्ट्रिक में आकर लाइन लगानी पड़ रही है। जिससे उनका समय बर्बाद हो रहा है। पूरा दिन लोगों का आय प्रमाण पत्र बनाने की लाइन में ही बीत रहा है। कहा कि राशन कार्ड बनवाने के लिए आय प्रमाण पत्र की अनिवार्यता को समाप्त किया जाए। साथ ही घर-घर जाकर लोगों की वास्तविक स्थिति को देखते हुए राशन कार्डों को सत्यापित किया जाय। इस मौके पर पार्षद अनिल रावत, प्रवेंद्र सिंह रावत, सुखपाल शाह, मनोज शाह, विपिन डोबरियाल, सीता देवी, नईम अहमद, विवेक शाह, जेपी बहुखंडी मौजूद रहे।



कोटद्वार तहसील में मुख्य प्रशासनिक अधिकारी उमेश चंद्र पांथरी को ज्ञापन देते पार्षद

# आरसीडी पब्लिक स्कूल ने जीती फुटबॉल प्रतियोगिता

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : स्व. सुनीत बिष्ट की स्मृति में आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला आरसीडी पब्लिक स्कूल के नाम रहा। इस दौरान प्रतियोगिता के अव्वल खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। साथ ही विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ खेल के क्षेत्र में भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया।

फुटबॉल संघ की ओर से आयोजित प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला मोटाढांग स्थित मिनी स्टेडियम में खेला गया। जिसमें फाइनल में आरसीडी पब्लिक स्कूल ने बाल भारती पब्लिक स्कूल को 5-4 से हराकर प्रतियोगिता अपने नाम की। इससे पहले सेमीफाइनल मुकाबले खेले गए, जिसमें पहला सेमीफाइनल मुकाबला बाल भारती पब्लिक स्कूल एवीएन के मध्य खेला गया, जिसमें बाल भारती ने एवीएन को 1-0 से परास्त कर फाइनल में जगह बनाई। दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला आरसीडी व एमकेवीएन के मध्य खेला गया, जिसमें आरसीडी ने एमकेवीएन को 1-0 से परास्त किया। फाइनल मुकाबले का शुभारंभ फुटबाल कोच महेंद्र रावत व प्रधानाचार्य गिरिराज सिंह ने खिलाड़ियों का परिचय करवाकर किया। फाइनल मुकाबला आरसीडी व बाल भारती के मध्य खेला गया, मैच के अंत तक कोई भी टीम गोल नहीं कर पाई, आखिरकार ट्राई ब्रेकर में आरसीडी ने बाल भारती को 5-4 से पराजित कर कप अपने नाम किया। प्रतियोगिता में आरसीडी के मिडफील्डर संचित रावत को सर्वोच्च खिलाड़ी व विनय मोहन को सर्वोच्च गोलकीपर घोषित किया गया। प्रतियोगिता में विजेता व उपविजेता टीमों को मेडल व ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर नरेश शर्मा, भारत सिंह नेगी, धीरेंद्र कंडारी, सिद्धार्थ रावत मौजूद रहे।




आयोजित प्रतियोगिता की विजेता टीम

### स्वास्थ्य शिविरों में 388 लोगों की जांच

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले के पाबौ, पोखड़ा, खिर्सू, दुगड्डा, यमकेश्वर ब्लाक के विभिन्न क्षेत्रों में स्वास्थ्य शिविर लगाकर 388 लोगों की जांच की गई।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. शिव मोहन शुक्ला ने बताया कि जिले के विभिन्न स्थानों पर भारी बारिश से संपर्क मार्ग टूटने के चलते गांवों में जाकर ग्रामीणों का स्वास्थ्य उपचार किया जा रहा है। बताया कि टीम ने पोखड़ा ब्लाक के सिलेथ में 40, खिर्सू के नौगांव न्यानगढ़, ग्वाड, में 179, पाबौ के फल्दवाड़ी, नौठा में 92, यमकेश्वर के खेड़ामल्ला में 22 ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच की गई। बताया कि दुगड्डा ब्लाक में होम सफा नशा मुक्ति केंद्र में 55 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण, टीबी स्क्रीनिंग के साथ ही एक्सरे किए गए।

# एनआईओएस के तीन शिक्षकों की सेवाएं की समाप्त

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : जिले में एनआईओएस प्रशिक्षण लेकर नौकरी लगे तीन शिक्षकों की सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं। ये सभी शिक्षक प्राइमरी स्कूलों में सहायक अध्यापक के पद पर थलीसैंण ब्लॉक की अलग-अलग स्कूलों में तैनात थे। जिन तीन प्राइमरी शिक्षकों की सेवाएं समाप्त हुई हैं उनमें एक महिला भी शामिल है।

शिक्षा विभाग को राष्ट्रीय मुक्त विश्विविद्यालय संस्थान से प्रशिक्षण ले चुके बेरोजगारों को प्राइमरी में सहायक शिक्षक के तौर पर सेवा में लेना था। इस प्रक्रिया में ऐसे युवाओं को नौकरी देनी थी जिन्होंने 2017-18 से पहले किसी तरह का प्रशिक्षण न लिया हो। नियुक्त प्रक्रिया के तहत एनआईओएस के तहत प्रशिक्षण लेने वाले इन तीन शिक्षकों को भी तैनाती मिली थी। बीते दिनों शिक्षा विभाग ने इस प्रकरण की गहनता से जांच करवाई थी।

जांच में पाया गया कि उक्त शिक्षकों ने एनआईओएस प्रशिक्षण से पहले भी प्रशिक्षण लिया था। जिससे उन्हें नौकरी से हटाया गया है। पौड़ी के मुख्य शिक्षाधिकारी डॉ. नागेंद्र बर्त्वाल ने बताया कि इन तीनों शिक्षकों को थलीसैंण ब्लाक के अलग-अलग स्कूलों में तैनाती दी गई थी। इस मामले में जांच हुई तो पता चला कि तीनों शिक्षकों ने पहले भी प्रशिक्षण लिया है और उन्होंने यह बात विभाग को नहीं बताई। इस मामले में बीईओ स्तर से हुई जांच के बाद तीनों शिक्षकों को बीती 5 अगस्त को अपना पक्ष रखने के लिए भी कहा गया। इसके बाद तीनों शिक्षकों की सेवाएं समाप्त करने के आदेश जारी कर दिए गए हैं।

### गढ़वाल विवि में होम साइंस पाठ्यक्रम संचालित किया जाएं

श्रीनगर गढ़वाल : अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को गढ़वाल विवि के कुलपति प्रो. श्री प्रकाश सिंह से वार्ताकर कक्षाओं की छत लीकेज होने, महिला पठन कक्ष संचालित किए जाने सहित सात सूत्रीय मांगपत्र दिया। गढ़वाल विवि के छात्रसंघ अध्यक्ष जसवंत सिंह राणा और विवि प्रतिनिधि आशीष पंत ने कहा कि शिक्षा विभाग की छत टपकने से कक्षाओं में पानी भर रहा है, जिससे छात्र-छात्राओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कहा कि पूर्व में भी इसकी सूचना गढ़वाल विवि प्रशासन को दे दी गई थी, लेकिन कोई भी कार्यवाही अमल में नहीं लाई गई। उन्होंने जल्द से समस्या का समाधान किए जाने की मांग की है। छात्रसंघ अध्यक्ष राणा ने गढ़वाल विवि में महिला पठन कक्ष संचालित किए जाने, इंजीनियरिंग विभाग में विद्युत कटौती की समस्या का समाधान करने, स्नातक स्तर पर बीएससी होम साइंस पाठ्यक्रम संचालित करने, स्कूल आफ एग्रीकल्चर और डीन आफिस चौरास परिसर शिफ्ट करने, यूजीसी, नेट, गेट, बैंक पीओ, नीट और एसएससी के परीक्षा केंद्र गढ़वाल विवि में बनाए जाने और गढ़वाल विवि का 12वां दीक्षांत समारोह जल्द आयोजित किए जाने की मांग की। कहा कि यदि जल्द से मांगों पर कार्यवाही नहीं होती है तो वह आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इस मौके पर महिपाल बिष्ट, हिमांशु भंडारी, राहुल गौड़ आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

#### छात्रसंघ चुनाव की तैयारियां शुरू

श्रीनगर गढ़वाल : गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय ने छात्रसंघ चुनाव 2025-26 की तैयारियां शुरू कर दी हैं। छात्र संघ चुनाव को शांतिपूर्ण सम्पन्न करवाने को लेकर विवि प्रशासन ने भूगर्भ विज्ञान विभाग के प्रो. एचसी नैनवाल को मुख्य चुनाव अधिकारी नियुक्त किया है। चुनाव संचालन में सहयोग के लिए पांच पदेन अधिकारियों को भी समिति में शामिल किया गया है। मुख्य चुनाव अधिकारी को आवश्यकतानुसार अन्य समितियों के गठन का अधिकार भी दिया गया है। शीघ्र ही चुनाव की रूपरेखा और तिथियों की घोषणा होगी। (एजेंसी)

# दो गुटों में हुई मारपीट के मामले में पांच गिरफ्तार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत लकड़ी पड़ाव क्षेत्र में हुई दो गुटों के बीच मारपीट के मामले में पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया है।

रविवार को सलीम हुसैन की ओर से पुलिस को तहरीर दी गई थी। मोबिना, सुजाऊद्दीन लकड़ी पड़ाव में किराए के मकान में रहते हैं। बताया कि रविवार को वह मोबिना, सुजाऊद्दीन के साथ लकड़ी पड़ाव स्थित अपने मकान की मरम्मत कर रहे थे। इसी दौरान लकड़ी पड़ाव निवासी सलाऊद्दीन, इकराम, इरफान, इनाम व साहिल उनके घर में पहुंचे और गाली-गलौच करने लगे। विरोध करने पर उन्होंने अपने हाथ में पकड़ी लोहे की राड से उन पर हमला कर दिया। बताया कि उनके सिर पर भी राड से हमला किया गया। जिसके बाद वह मौके पर ही बेहोश हो गए थे। मौके पर पहुंची पुलिस उन्हें घायलवस्था में अस्पताल लेकर पहुंची। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रमेश तनवार ने बताया कि मामले में लकड़ी पड़ाव निवासी सलाऊद्दीन पुत्र अलाउद्दीन, एहसान, इकराम, इरफान, ईनाम आदि को गिरफ्तार किया गया है।



कोटद्वार पुलिस की हिरासत में आरोपी

### देवप्रयाग विस के जामणीखाल और टकोली में खुलेंगे पीएचसी

श्रीनगर गढ़वाल : देवप्रयाग विधानसभा क्षेत्र के जामणीखाल और टकोली में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्थापना के लिए शासन स्तर से प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति मिली है। अभी तक क्षेत्र के लोगों को प्राथमिक चिकित्सा सुविधा के लिए बेस चिकित्सालय श्रीनगर के लिए दौड़ लगानी पड़ती थी। जनता की मांग पर देवप्रयाग विधानसभा क्षेत्र में दो पीएचसी की स्थापना होने पर ग्रामीणों ने भी खुशी जाहिर की है। ब्लॉक कीर्तिनगर के टकोली में पीएचसी की स्थापना होने से आकरी बारजुला, खास पट्टी के दो दर्जन से अधिक गांवों के ग्रामीणों को इसका लाभ मिलेगा। देवप्रयाग विधायक विनोद कंडारी ने बताया कि टकोली और जामणीखाल में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र टाईप-ए की अनावासीय एवं आवासीय भवनों के निर्माण कार्य के लिए स्वास्थ्य विभाग से प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति मिल गई है।

**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कॉरपोरेट आइडिन्टीटी संख्या : U40109UP2001SG025867/2358
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, नैनीडांडा

**निविदा विस्तारीकरण सूचना**

इस खण्ड के द्वारा पूर्व में प्रकाशित निविदा संख्या – 01/2025–26, 02/2025–26, 03/2025–26 एवं 06/2025–26 जोकि दिनांक– 19/08/2025 को अपराहन् 15:00 बजे खोली जानी है। अपरिहार्य कारणों से उक्त निविदाओं की खुलने की तिथि दिनांक– 02/09/2025 तक विस्तारित की जाती है एवं उसी दिन उपस्थित निविदादाताओं के सम्मुख अद्योहस्ताक्षरकर्ता अथवा उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा सार्वजनिक रूप से खोली जायेगी। अन्य नियम एवं शर्ते पूर्ववत् रहेंगी।

अधिशासी अभियन्ता,
पत्रांक : 435/वि०वि०ख०(नै०)/उपाकालि०/टी–6 दिनांक : 19.08.2025 वि०वि० खण्ड, नैनीडांडा

विद्युत बिलों के 24x7 आनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जायें
"राष्ट्र हित में बिजली बचाएं" (Customer Care Toll Free no. 1800 419 0405)

# शिक्षकों ने जारी रखी चॉकडाउन हड़ताल, पठन-पाठन प्रभावित

रुद्रप्रयाग : राजकीय शिक्षक संघ रुद्रप्रयाग के आह्वान पर जनपद के सभी माध्यमिक विद्यालयों में चॉकडाउन हड़ताल जारी रही। दूसरे दिन भी शिक्षकों ने पदोन्नति एवं स्थानांतरण से जुड़ी समस्याओं के समाधान न होने पर आक्रोश जताया। राजकीय शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष आलोक रौथाण के दिशा निर्देशों और प्रांतीय कार्यकारिणी के आह्वान पर जनपद के सभी माध्यमिक विद्यालयों में क्रमबद्ध आंदोलन करते हुए चॉकडाउन हड़ताल की जा रही है। मंगलवार को भी शिक्षकों की विद्यालय में हड़ताल रही। प्रधानाचार्य सीधी भर्ती और बीते कई वर्षों से पदोन्नति न होने के कारण शिक्षकों में आक्रोश है। शिक्षक पदाधिकारियों ने कहा कि समय-समय पर संगठन द्वारा विभिन्न मंचों पर पत्रों के माध्यम से शासन प्रशासन एवं विभाग को अवगत कराया गया है, किंतु आज तक विभाग और सरकार के द्वारा कोई भी ठोस नीति पदोन्नति को लेकर नहीं बनाई गई है। शिक्षकों के प्रदेशव्यापी इस आंदोलन में जनपद रुद्रप्रयाग अग्रणी भूमिका निभा रहा है। जनपद में ब्लॉक ऊखीमठ, अगस्त्यमुनि और जखोली में 116 विद्यालयों में चॉकडाउन हड़ताल रही जो आगामी 24 अगस्त तक जारी रहेगी। शिक्षकों ने कहा कि यह आंदोलन संगठन को मजबूती प्रदान कर रहा है। कहा कि अभी भी सरकार द्वारा उनकी मांगों पर कार्यवाही नहीं की गई तो इसके बाद ब्लॉक मुख्यालयों और मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय और निदेशालय स्तर पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। जिला मंत्री शंकर भट्ट ने कहा कि राजकीय माध्यमिक शिक्षक पूर्व में भी प्रधानाचार्य सीधी भर्ती एवं पदोन्नति की मांगों को लेकर प्रदेश व्यापी आंदोलन कर चुके हैं। सरकार के द्वारा आश्वासन दिए जाने पर भी आज सभी राजकीय शिक्षक ठगे हुए महसूस कर रहे हैं। राजकीय शिक्षक संघ जनपद रुद्रप्रयाग की संरक्षक नरेश भट्ट का कहना है सरकार एवं विभाग के द्वारा जब तक स्पष्ट शासनादेश जारी नहीं हो जाता तब तक राजकीय शिक्षक अपनी मांगों को लेकर मुकरता के साथ इस लड़ाई को लड़ते रहेंगे।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

वरिष्ठ मण्डल संकेत एवं दूरसंचार अभि०/उत्तर रेलवे, मुरादाबाद, कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्यों के लिए खुली निविदा ई–टेंडरिंग प्रणाली के माध्यम से आमन्त्रित करते हैं।

| क्र. सं. | निविदा संख्या और कार्य का विवरण | लगभग लागत रूपये | अग्रिम धन रूपये | निविदा फॉर्म की लागत रू |
|---|---|---|---|---|
| 1. | RT-TELE-BAGSCANR-MB25-26 बरेली और हरिद्वार रेलवे स्टेशन पर बैगेज स्कैनर (निर्माताः वेहंत टेक्नोलॉजीज या ओ ई एम) की एक बार मरम्मत | 1338825.45 | 26800.00 | निल |
| निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए अंतिम तिथि और समय | 15.09.2025 15:00 बजें | | | |

नोटः निविदा का पूरा विवरण www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है।
सं.: RT-TELE-BAGSCANR-MB25-26 दिनांकः 18.08.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2525/25

## संक्षिप्त समाचार

### भर्ती समर्थक शिक्षकों ने राजकीय शिक्षक संघ को चेताया

देहरादून। प्रधानाचार्य विभागीय पदोन्नति परीक्षा समर्थक शिक्षक मंच ने राजकीय शिक्षक संघ को चेताया है। मंच ने कहा कि अगर किसी भी भर्ती समर्थक शिक्षक के खिलाफ संघ ने कार्रवाई की तो मंच से जुड़े सभी शिक्षक राजकीय शिक्षक संघ से त्यागपत्र दे देंगे। परीक्षा समर्थक मंच के प्रदेश संयोजक बृजेश पंवार ने कहा कि राजकीय विद्यालयों में आर्थिक रूप से कमजोर बच्चे पढ़ते हैं जो पूरी तरह से सरकारी स्कूलों की शिक्षा पर निर्भर हैं। ऐसे में अपने हितों के लिए उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ करना ठीक नहीं है। मंच के प्रांतीय अध्यक्ष दिनेश पांडे का कहना है कि प्रधानाचार्य पदोन्नति परीक्षा सभी शिक्षकों के हित में है इस परीक्षा में अब 15000 से अधिक शिक्षकों को मौका मिल रहा है ' राजकीय शिक्षक संघ दबाव बनाकर एलटी समायोजित शिक्षकों को अपने स्वार्थ के लिए जबरदस्ती आंदोलन में धकेल रहा है जबकि उनका प्रधानाचार्य पदोन्नति से कोई सीधा संबंध नहीं है ' डॉ. कमलेश कुमार मिश्र ने कहा कि हम प्रधानाध्यापक के पदों पर शत प्रतिशत पदोन्नति के समर्थक हैं, हम प्रधानाचार्य के पदों पर भी शीघ्र पदोन्नति का समर्थन करते हैं, हम शिक्षकों की जायज मांगों को लेकर संगठन के साथ हैं लेकिन पदोन्नति परीक्षा का विरोध करना उचित नहीं है मंच ने चॉकडाउन हड़ताल को लेकर गूगल मीट कर फैसला लिया कि भर्ती समर्थक शिक्षक स्कूलों में पढ़ाते रहेंगे और अगर ऐसे किसी शिक्षक के खिलाफ संघ कार्रवाई करेगा तो सभी शिक्षक राजकीय शिक्षक संघ को छोड़ने के लिए मजबूर होंगे।

### उत्तराखंड के 21 अनुदानित महाविद्यालयों ने मांगा जून से अब तक का वेतन

देहरादून। प्रादेशिक अनुदानित महाविद्यालय संघ (पाका) ने राज्य के 21 अनुदानित महाविद्यालयों के प्राचार्यों, शिक्षकों और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के लंबित वेतन का भुगतान करने की मांग की है। संघ का कहना है कि जून से लेकर अब तक का वेतन नहीं मिल पाया है। इसे लेकर संगठन ने मुख्यमंत्री और उच्च शिक्षा मंत्री को पत्र लिखा है। संघ के अध्यक्ष प्रो. एचएस रंधावा और सचिव प्रो. प्रशांत सिंह ने कहा कि वेतन नहीं मिलने से अनुदानित डिग्री कॉलेजों से जुड़े शिक्षक कर्मचारियों के परिवार आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। संघ ने कहा कि उच्च शिक्षा विभाग चार माह जुलाई से अक्टूबर तक का वेतन अनुदान 49.12 करोड़ रुपये के साथ ही जून माह का वेतन पहले से स्वीकृत हो चुका है, लेकिन निदेशालय स्तर पर 1975 से पूर्व के पदों से संबंधित अभिलेखों के सत्यापन का हवाला देकर भुगतान को रोका गया है।

संघ ने वेतन भुगतान को 1975झ2025 तक की लंबी अवधि के सत्यापन पर एतराज जताया है और कहा कि इस वजह से वेतन रोकना सही नहीं है। जबकि सभी महाविद्यालय दस्तावेज निदेशालय को दे चुके हैं। उन्होंने इस प्रक्रिया को प्रशासनिक अधिकारों का दुरुपयोग करार दिया है और कहा कि इससे उच्च शिक्षा व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। साथ ही शिक्षक और कर्मचारियों का मनोबल भी टूट रहा है।

### टैक्सी चालक कर्ज लेकर भर रहे गाड़ियों की बैंक किस्तें और टैक्स

उत्तरकाशी। उत्तरकाशी के रंवाई घाटी टैक्सी यूनियन से जुड़े वाहन मालिक जनपद में आई भीषण आपदा के चलते आजकल अपने वाहनों का टैक्स और बैंकों से फाइनेंस की गई गाड़ियों की किस्तें लोगों से कर्ज लेकर अदा कर रहे हैं, जिससे विभिन्न टैक्सी यूनियन से जुड़े लोग खासे परेशान हैं। उत्तरकाशी जनपद में पिछले दिनों धराली में आई भीषण आपदा सहित अन्य जगहों पर भारी बरसात से जनपद के विश्व प्रसिद्ध यमनोत्री और गंगोत्री धाम भी खासे प्रभावित हुए हैं। जहां रवांई घाटी की स्थानीय टैक्सी यूनियन की गाड़ियां भी प्रमुख रूप से लगातार यात्रा सीजन में यमनोत्री, गंगोत्री सहित बद्री, केदार की यात्रा पर व्यस्त रहते थे, जो कि यात्रा के बाधित होने पर पिछले कई दिनों से खाली पड़े हैं। कमलेश्वर महादेव टैक्सी यूनियन पुरोला के अध्यक्ष व प्रदेश मीडिया प्रभारी यशवंत पंवार ने चिंता व्यक्त कर अपनी पीड़ा साझा करते हुए कहा कि हमारे यूनियन में 135 टैक्सियां जुड़ी हैं जिनमे से लगभग 50 से अधिक टैक्सियां चारधाम यात्रा पर लगी रहती हैं और प्रति माह चार राउंड में लगभग 1.5 लाख रुपये की कमाई होती है। इससे बैंकों की किस्तें व अन्य सरकारी टैक्स सहित अपने परिवार की रोजी रोटी चलती है, लेकिन जनपद में लगातार आ रही आपदाओं से यात्रा बाधित हो गयी है टैक्सियां खड़ी हैं।

# नदियों में बढ़ता कचरा बढ़ती आपदाओं का कारण : ग्रामीण

### गांव को प्लास्टिक डिस्पोजल मुक्त बनाने वाले 13 परिवार सम्मानित, गांव के बाद गदेरों को स्वच्छ बनाने की पहल



**जयन्त प्रतिनिधि।**

थलीसैंण : गांव के सामाजिक, सांस्कृतिक कार्यक्रमों को प्लास्टिक डिस्पोजल मुक्त बनाने के मंगलवार को स्यूंसाल ग्राम पंचायत ने तेरह परिवारों को सोलर लैंप देकर सम्मानित किया है। इन ग्रामीणों ने अपने शादी, पूजा पाठ के कामों में प्लास्टिक डिस्पोजल के स्थान पर पंचायती बर्तनों का इस्तेमाल किया था। इससे आयोजकों को एक लाख रुपये से ज्यादा की आर्थिक बचत हुई। साथ में गांव के पर्यावरण को स्वच्छ रखने में मदद मिली और पंचायत की आमदनी भी बढ़ी। ग्रामीणों का मानना है कि पहाड़ में बढ़ती आपदाओं के पीछे भी, पर्यावरण क्षरण और प्रदूषण एक बड़ा कारण हैं।

थलीसैंण ब्लॉक में चौथान पट्टी के स्यूंसाल गांव में पिछले आठ साल से यह मुहिम जारी है। इससे आस-पास के कई गांवों को भी प्रेरणा मिली है। अब गांव में बाल और महिला मंगल इस अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं। महिला मंगल दल ने निर्णय लिया है कि वे भोजन परसोने के पंचायती बर्तनों का प्रयोग करेंगी। महिला मंगल दल बर्तनों की सफाई में भी पूरा सहयोग करता है। पिछले साल ग्राम पंचायत ने भी गांव के सार्वजनिक कार्यक्रमों को प्लास्टिक डिस्पोजल मुक्त रखने का प्रस्ताव पास किया है। अभियान के अगले चरण में ग्राम पंचायत और महिला मंगल दल गांव के जल स्त्रोतों, गदेरों को स्वच्छ बनाने की पहल करने जा रहा हैं। गांव में बाल मंगल दल नियमित स्वच्छता अभियान चलाकर अजैविक कचरे को कूड़ाघर में जमा करते हैं। इस वर्ष अप्रैल में प्रशासन ने गांव के कूड़ाघर को खाली करवाया था। स्यूंसाल के ग्रामीणों का मानना है कि केंद्र सरकार स्वच्छ भारत अभियान के माध्यम से और राज्य सरकार विभिन्न योजनाओं से पहाड़ में अजैविक कूड़े की बढ़ती समस्या के निराकरण के काफी प्रयास कर रही है। ऐसे में सभी को जागरूक होकर अपने स्तर पर अपने गांवों को प्लास्टिक डिस्पोजल मुक्त करने के लिए एकजुट प्रयास करने चाहिए। इस अवसर पर सरपंच गोपाल बिष्ट, महिला मंगल दल अध्यक्ष लक्ष्मी देवी, नीमा देवी, राजी देवी, परुली देवी, कलावती देवी, आनंदी देवी, जस्सी देवी, हरक सिंह, जगत बिष्ट, हरीश प्रसाद, इंद्र बेलवाल, मनबर बिष्ट और अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

### अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने एमपीजी कालेज में किया प्रदर्शन

मसूरी। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने एमपीजी कालेज में शैक्षणिक वातावरण न बनाये जाने व शिक्षकों के कालेज से गायब रहने का आरोप लगाकर प्रदर्शन किया। चेतावनी दी कि यदि शीघ्र समस्याओं का समाधान न किया गया तो आंदोलन किया जायेगा। मंगलवार को एमपीजी कालेज में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने विभिन्न मांगों को लेकर कॉलेज प्रांगण में प्रदर्शन किया व प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एमपीजी कालेज शाखा के मंत्री अनुज पंवार ने कहा कि कालेज में पढ़ाई का वातावरण नहीं है।

आरोप लगाया कि शिक्षक कालेज नहीं आते हैं और पढ़ाई भी सही तरीके से नहीं हो पा रही है जिससे छात्रों का भविष्य चौपट हो रहा है। इससे परेशान होकर छात्रों ने प्रदर्शन किया। जब पूछा जाता है तो संतोष जनक जवाब नहीं दिया जाता।

# जागतोली दशज्यूला महोत्सव 31 अगस्त से, तैयारियां शुरू

रुद्रप्रयाग : नन्दाष्टमी के पावन पर्व पर लगने वाले तीन दिवसीय जागतोली दशज्यूला महोत्सव की तैयारियां शुरू हो गई है। 31 अगस्त से 2 सितम्बर तक होने वाले इस मेले को लेकर दशज्यूला क्षेत्रवासियों सहित संस्कृति प्रेमी, प्रवासी निवासी एवं धियाणियों में उत्साह है। महोत्सव को लेकर जानकारी देते हुए मेला समिति के अध्यक्ष व जिला पंचायत सदस्य सारी वार्ड जयवर्धन काण्डपाल ने बताया कि 1958 से जागतोली में शुरू हुए मेले को 2019 में क्षेत्र के युवाओं ने वृहद रूप में आयोजित कर तीन दिवसीय बनाया। यह मेला प्रतिवर्ष नन्दाष्टमी से शुरू होता है। जिसमें स्कूली बच्चों की सांस्कृतिक एवं खेलकूद प्रतियोगिता, महिला मंगल दलों के कार्यक्रमों के साथ साथ स्थानीय कलाकारों को मंच दिया जाता है। साथ ही यह आयोजन दशज्यूला क्षेत्र को नयी पहचान भी दे रहा है। मेले के सचिव कालिका काण्डपाल ने कहा कि स्थानीय उत्पादों की बिक्री, विभिन्न विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं के स्टालों, उत्तराखंड के सुप्रसिद्ध लोकगायक रोहित चौहान, शिवानी नेगी, जय केदारकला मंच सहित अन्य कलाकारों द्वारा प्रस्तुति इस वर्ष मेले के आकर्षण का केन्द्र होंगे।

मेले में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, प्रभारी मंत्री सौरभ बहुगुणा, केदारनाथ विधायक नौटियाल, रुद्रप्रयाग विधायक भरत चौधरी, जिलापंचायत अध्यक्ष पूनम कठैत, ब्लाक प्रमुख भुवनेश्वरी देवी सहित जनप्रतिनिधि, स्थानीय कलाकारों, संस्कृति प्रेमी, सामाजिक कार्यकर्ता को आमंत्रित किया गया है। मेला संयोजक निधे किशोर ने जानकारी देते हुए बताया कि मेले के पहले दिन स्कूली बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम व जय केदार कला मंच के कलाकारों द्वारा द्रौपदी चीरहरण की प्रस्तुति दी जायेगी। दूसरे दिन दशज्यूला क्षेत्र के सभी गावों के महिला मंगल दलों के शानदार प्रस्तुतियां होंगी।

# गढ़वाल-कुमाऊं को जोड़ने वाले सिंगटाली पुल पर जल्द शुरू होगा काम

### मुख्यमंत्री ने सिंगटाली पुल के लिए 57 करोड़ की स्वीकृत दी

जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : गढ़वाल और कुमाऊं को जोड़ने वाले बहुप्रतीक्षित सिंगटाली पुल के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 57 करोड़ की वित्तीय और प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी है। इससे पुल निर्माण जल्द प्रारंभ होने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपनी पूर्व की घोषणा के क्रम में पौड़ी जिले की यमकेश्वर विधानसभा में प्रस्तावित इस पुल के लिए अहम वित्तीय और प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी है। मंगलवार को शासन द्वारा प्रमुख अभियंता लोनिवि को इस बारे में विधिवत आदेश जारी कर दिए गए हैं। कौडियाला-व्यासघाट मोटर मार्ग के किमी. 01 में गंगानदी पर प्रस्तावित सिंगटाली पुल की कुल लंबाई 150 मीटर है, इस पर कुल लागत 57 करोड़ 5 लाख 25 हजार की लागत आनी है। मुख्यमंत्री के विशेष निर्देश पर, मुख्य सचिव की अध्यक्षता में आयोजित व्यय वित्त समिति पहले ही इस प्रस्ताव को हरी झंडी दे चुकी है। इस तरह इस बहुप्रतीक्षित पुल के निर्माण की सभी बाधाएं अब दूर हो चुकी है, जिससे शीघ्र पुल निर्माण प्रारंभ हो सकेगा। सिंगटाली पुल की मांग जनता लंबे समय से कर रही थी। इस पुल के निर्माण से गढ़वाल-कुमांऊ के मध्य सड़क सम्पर्क और मजबूत हो सकेगा।

### वाईब्रेंट विलेज कार्यक्रम में शामिल हुए महिलाएं

देहरादून। नई दिल्ली में वाईब्रेंट विलेज कार्यक्रम के तहत आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम में उत्तराखंड के 11 स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने प्रतिभाग किया। यहां केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने महिलाओं से मुलाकात की और उनके गांव में स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी ली। स्वयं सहायता समूह चमोली की मंजू देवी ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति से भी मुलाकात की। इस दौरान सड़क एवं परिवहन राज्यमंत्री अजय टम्टा ने भी महिलाओं से मुलाकात की और उनके गांव में सड़क से संबंधित समस्याओं पर चर्चा की और समाधान का भरोसा भी दिया। राज्य की ओर से नोडल अधिकारी के रूप में संदीप सिंह रावत मौजूद रहे।

# लक्ष्मणझूला में रेव पार्टी करना युवक-युवतियों को पड़ा भारी

### पुलिस ने किया रिजॉर्ट संचालक पर मुकदमा दर्ज, 37 युवक-युवतियों पर की कार्यवाही



**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी लोकेश्वर सिंह ने समस्त थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्र में पड़ने वाले होटलों, रिजॉर्ट, होम स्टे आदि में चेकिंग कर अनियमितता पाए जाने पर तत्काल आवश्यक वैधानिक कार्यवाही किए जाने हेतु निर्देशित किया है। लक्ष्मणझूला पुलिस ने एक रिजॉर्ट में रेव पार्टी करने पर रिजॉर्ट संचालक पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है, जबकि पार्टी में शामिल 37 युवक-युवतियों के खिलाफ 172 बीएनएसएस के तहत कार्यवाही की। सोमवार रात्रि को थाना लक्ष्मणझूला पर सूचना प्राप्त हुई कि चौकी चीला क्षेत्रान्तर्गत एक रिजॉर्ट में कुछ लोग हुडदंग मचा रहे हैं। सूचना पर तत्काल थानाध्यक्ष लक्ष्मणझूला मय फोर्स के पहुंचे तो देखा कि रिजॉर्ट में कुछ लोग तेज आवाज में गाने बजाकर हुडदंग कर रहे है। जबकि उपजिलाधिकारी यमकेश्वर द्वारा मानसून एवं बरसात के मौसम के दृष्टिगत सभी होटल एवं रिसॉर्ट 01 जुलाई 2025 से बंद करने के निर्देश जारी किए गए थे। इसके बावजूद ईवाना रिजॉर्ट में अवैध रूप से रेव पार्टी आयोजित कर कुछ युवक एवं युवतियां डांस कर रही थी। जब उनसे पार्टी आयोजन के सम्बन्ध में लाइसेंस/अनुमति पत्र दिखाने को कहा गया, तो वे कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाए। जिस सम्बन्ध में होटल संचालक के विरुद्ध थाना लक्ष्मणझूला में मुकदमा पंजीकृत किया गया। साथ ही अन्य 37 लोगों के विरुद्ध 172 बीएनएसएस के तहत कार्यवाही की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी लोकेश्वर सिंह ने बताया कि पुलिस पूछताछ में पार्टी आयोजनकर्ता मनोज कुमार ने बताया कि वह एग्रीकल्चर कंपनी में एरिया मैनेजर है।

कंपनी ने उसे इस मानसून सीजन में चार करोड़ रुपये का टर्नओवर पूरा करने का लक्ष्य दिया था, जिसे वह हासिल नहीं कर पा रहा था। इसके तहत उसने अपने डिस्ट्रीब्यूटरों व दुकानदारों को अधिक उर्वरक खरीदने के लिए लुभावने पैकेज का ऑफर दिया और उन्हें रेव पार्टी में आमंत्रित किया। प्रथम चरण में उसने मुजफ्फरनगर जिले के 28 दुकानदारों को पार्टी में शामिल कर कंपनी का लक्ष्य पूरा करने हेतु प्रेरित किया।

# अधिकारियों की संयुक्त टीमें करेंगी ग्राम पंचायतों का भ्रमण

### ग्रामीणों की समस्याओं को सुनने के साथ ही योजनाओं की देंगे जानकारी

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के तहत जिलाधिकारी प्रतीक जैन के निर्देशन में जनपद स्तरीय अधिकारियों को विभिन्न ग्राम पंचायत आवंटित की गई हैं। तीन सदस्यीय संयुक्त टीम में चयनित अधिकारी ग्रामीणों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं को सुनेंगे। साथ ही सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी से ग्रामीणों को अवगत कराएंगे।

मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र सिंह रावत ने जानकारी देते हुए बताया कि सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के तहत 45 जनपद स्तरीय अधिकारियों को विभिन्न ग्राम पंचायत आवंटित की गई हैं। बताया कि नामित अधिकारियों में उप वन संरक्षक कल्याणी, जिला सूचना अधिकारी वीरेश्वर तोमर एवं जिला होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपा तिलारा विकासखंड अगस्त्यमुनि की ग्राम पंचायत तूना में जाकर ग्रामीणों के साथ बैठक करेंगे। इसी तरह अपर जिलाधिकारी श्याम सिंह राणा, उप निदेश-ाक खान वीरेंद्र सिंह एवं जिला पर्यटन अधिकारी राहुल चैबे ग्राम पंचायत रतूड़ा में स्थलीय भ्रमण करने के साथ ही ग्रामीणों की समस्याएं सुनेंगे। अधिशासी अभियंता सिंचाई खुशवंत सिंह चौहान एवं जिला पंचायत राज अधिकारी प्रेम सिंह रावत विकासखंड जखोली की ग्राम पंचायत स्वीली में, उप जिलाधिकारी भगत सिंह फोनिया एवं अधिशासी अभियंता विद्युत मनोज कुमार एवं तहसीलदार जखोली बीएल शाह विकासखंड जखोली की ग्राम पंचायत लिस्वाल्टा में, उप जिलाधिकारी ऊखीमठ अनिल कुमार शुक्ला, तहसीलदार प्रदीप नेगी एवं अधिशासी अभियंता लोनिवि ऊखीमठ आरपी नैथानी ग्राम पंचायत विकासखंड ऊखीमठ की ग्राम पंचायत न्यालसू में ग्रामीणों के साथ बैठक आयोजित करने के साथ ही सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी से ग्रामीणों को अवगत कराएंगे। उन्होंने बताया कि माह अगस्त हेतु तीन सदस्यीय संयुक्त टीम में कुल 45 अधिकारी नामित किए गए हैं। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी नामित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अधिकारी उन्हें आवंटित ग्राम पंचायतों में स्थलीय निरीक्षण करने के साथ ही ग्रामीणों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं को सुनने तथा संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर उनका निराकरण करना सुनिश्चित करें। साथ ही अधिकारियों द्वारा भ्रमण किए ग्राम पंचायतों की आख्या उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए हैं।

### ऋषिकेश में गंगा फिर चेतावनी निशान के पार

ऋषिकेश। ऋषिकेश में मंगलवार को फिर गंगा का जलस्तर चेतावनी निशान को पार कर गया। जलस्तर चेतावनी निशान 339.50 से बढ़कर 339.53 आरएल मीटर तक पहुंच गया। जलस्तर घटने बढ़ने से स्नानघाट जलमग्न हो गए। अब तक गंगा सात बार चेतावनी निशान और एक बार खतरे के निशान को पार कर चुकी है। मंगलवार सुबह छह बजे गगा का जलस्तर चेतावनी निशान 339.50 को पारकर 339.53 मीटर तक पहुंच गया। दोपहर 12 बजे तक गंगा चेतावनी निशान को पार कर बहती रही। जलस्तर बढ़ने से ऋषिनगरी के तमाम घाट जलमग्न हो गए। दोपहर बाद जलस्तर में कमी होने लगी और जलस्तर चेतावनी निशान 339.50 से 40 सेंटीमीटर नीचे तक पहुंच गया। जलस्तर घटने से घाटों पर जमा मलबा दिखने लगा। इससे लोगों को गंगा की जलधारा तक पहुंचने में दिक्कत आई। घाट से सटे इलाकों में बहकर आये पेड़ और कबाड़ भी जमा हो गया है। जिसमें कचरा फंसने से दुर्गन्ध का सामना भी करना पड़ रहा है। बीते दस दिनों में गंगा सातवीं बार चेतावनी निशान को पार कर चुकी है। जबकि, एक बार खतरे को निशान को पार किया है।

# सरकार का फोकस मानव पूंजी में निवेश और हर वर्ग के समावेशी विकास पर

**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : भराडीसैण (गैरसैण) में आयोजित विधानसभा सत्र में प्रस्तुत किये गये अनुपूरक बजट के संबंध में मीडिया से वार्ता करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि 5315 करोड़ रुपये का यह अनुपूरक बजट प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मंत्र को आत्मसात करते हुए तैयार किया गया है। यह बजट केवल आंकड़ों का दस्तावेज़ नहीं, बल्कि सतत विकास, समावेशी विकास, नवाचार और आर्थिक सुदृढ़ता की दिशा में हमारा संकल्प है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा फोकस राज्य की मानव पूंजी में निवेश और हर वर्ग के समावेशी विकास पर है। किसानों, श्रमिकों, गरीबों, महिलाओं, युवाओं, सुरक्षाबलों और पत्रकारों सहित सभी वर्गों के कल्याण को ध्यान में रखते हुए यह बजट तैयार किया गया है। राज्य में विद्युत टैरिफ सब्सिडी, स्वास्थ्य योजनाओं, प्रधानमंत्री आवास योजना, पुलिसकर्मियों के आवास, तीमारदारों के विश्राम गृह तथा शहीद व पत्रकार कल्याण कोष के लिए समुचित प्रावधान किए गए हैं। हमारी सरकार ने आपदा न्यूनीकरण और पर्यावरणीय संतुलन को भी प्राथमिकता दी है, ताकि 'इकोलॉजी' और 'इकोनॉमी' के बीच संतुलन बना रहे। भू-धसाव, भूकंप जोखिम, स्प्रिंग मैपिंग और आपदा राहत हेतु प्रभावी बजटीय प्रावधान किए गए हैं। बुनियादी ढांचे के विकास की दिशा में रिस्पना-बिन्दाल एलिवेटेड रोड, पंतनगर एयरपोर्ट विस्तार, कुंभ मेला अवसंरचना तथा पर्यटन विकास को भी विशेष महत्व दिया गया है।

हम ऋषिकेश को योग नगरी और हरिद्वार को आध्यात्मिक पर्यटन नगरी के रूप में विकसित करने को प्रतिबद्ध हैं। साथ ही, नन्दा राजजात यात्रा और शारदा रिवर फ्रंट जैसे सांस्कृतिक व धार्मिक आयोजनों को भी सशक्त किया जा रहा है। यह अनुपूरक बजट नए उत्तराखण्ड की दिशा में एक और मजबूत कदम है। मैं राज्य की जनता से आह्वान करता हूं कि इस विकास यात्रा में हमारा साथ दें।

# अलग—अलग थाना क्षेत्रो में हुई चोरी की 2 बडी घटनाओं का दून पुलिस ने किया खुलासा



देहरादून । दून पुलिस ने अलग—अलग थाना क्षेत्रो में हुई चोरी की 2 बडी घटनाओं का खुलासा करने में सफलता पायी है। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से चोरी किये गए विभिन्न कम्पनियों के 15 मोबाईल फोन, एक स्कूटी, आभूषण व अन्य सामान बरामद किया है।मिली जानकारी के अनुसार बीते माह की 26 तारीख को वादिनी रीना क्षेत्री पत्नी धन बहादुर क्षेत्री नि0 ग्राम वीरावडी प्रेमनगर द्वारा थाना प्रेमनगर पर एक लिखित प्रार्थना पत्र दिया कि उनके चचेरे भाई के बन्द घर से अज्ञात चोरों द्वारा घर में रखी स्कूटी, आभूषण तथा अन्य कीमती सामान चोरी कर लिये है। प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना प्रेमनगर पर तत्काल मु0अ0सं0 129/25 धारा 305 बीएनएस पंजीकृत किया गया।घटना के अनावरण तथा अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून द्वारा पुलिस टीम को आवश्यक निर्देश दिये गये। निर्देशों के अनुपालन में पुलिस टीम द्वारा घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया गया, घटना स्थल के आस—पास कोई सीसीटीवी कैमरा नहीं होने के कारण पुलिस टीम द्वारा मैनुवल पुलिसिंग की सहायता से संदिग्धों के हुलिये के सम्बन्ध में जानकारी एकत्रित की गई। प्राप्त जानकारी के आधार पर पुलिस टीम द्वारा सुरागरसी/ पतारसी करते हुए स्थानीय मुखबिर तंत्र को भी सक्रिय किया गया। साथ ही पूर्व में इस प्रकार की घटनाओं में प्रकाश में आये अभियुक्तों की वर्तमान स्थिती की जानकारी कर उनका भौतिक सत्यापन किया गया। पुलिस को मुखबिर ने सूचना दी कि दो लोग किसी बडी घटना को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बीती 18/19 अगस्त की रात को दोनो को जामुनवाला तिराहे के पास से गिरफ्तार किया कर लिया।

### परीक्षा फार्म और पंजीकरण के लिए वीडियो मार्गदर्शन जारी किया जाए

ऋषिकेश। एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को श्रीदेव सुमन विवि परिसर के निदेशक को सौंपा ज्ञापन सौंपा। उन्होंने आंदोलन की चेतावनी देते हुए परिसर में नवीन प्रवेश समेत अन्य समस्याओं के निराकरण की मांग की। मंगलवार को एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने श्रीदेव सुमन विवि परिसर ऋषिकेश में प्रभारी प्राचार्य पीके सिंह के माध्यम से निदेशक को ज्ञापन दिया। छात्र नेता गौरव गुप्ता ने कहा कि 18 अगस्त को कॉलेज में एडमिशन प्रवेश लेने की अन्तिम तिथि निर्धारित थी। इसके बाद रिक्त सीटें सामान्य वर्गों में परिवर्तित कर दी जाएंगी। कहा कि जिन विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम अभी तक घोषित नहीं हुए हैं, उन्हें अंडरटेकिंग के आधार पर प्रवेश दिया जाए अथवा परिणाम घोषित होने पर उनके लिये पुनः समर्थ पोर्टल पर पंजीकरण लिंक खोली जाए। बीकॉम परीक्षा परिणाम की त्रुटियां आश्वासन के बाद भी अभी तक दूर नहीं की गई हैं।

# टिहरी झील में शुरू हुआ महिला कयाकिंग प्रशिक्षण

नई टिहरी : मंगलवार को डीएम नितिका खण्डेलवाल ने 14 दिवसीय महिला बेसिक व्हाइट वाटर कयाकिंग प्रशिक्षण कोर्स का शुभारंभ किया। टिहरी झील में महिलाओं के पहली बार कयाकिंग प्रशिक्षण की शुरुआत की गई। इससे स्थानीय महिलाओं को साहसिक खेलों में में आगे आने का मौका मिलेगा। महिलायें इससे स्वरोजगार की ओर भी कदम बढ़ायेंगी। कयाकिंग प्रशिक्षण के शुभारंभ पर डीएम ने नितिका ने प्रशिक्षणार्थी युवतियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह केवल एक साहसिक खेल ही नहीं बल्कि एक लाइफ सेविंग स्किल भी है। प्रशिक्षण के दौरान आप न केवल अपने डर पर काबू पाएंगी, बल्कि दूसरों को बचाने का हुनर भी सीखेंगी। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में साहसिक खेलों के अनेक अवसर हैं। जिनके माध्यम से आप अनुभव अर्जित कर जीवनभर लोगों की मदद कर सकती हैं। जिलाधिकारी ने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि अपने जीवन में पेंशन को हमेशा जीवित रखें, सफलता तभी मिलेगी जब आप अपने कार्य का अंतिक पायदान तक ले जायेंगे। चुनौतियों को स्वीकारते हुए आगे बढ़कर प्रशिक्षण में निपुणता हासिल करें। साहसिक खेल अधिकारी सीमा नौटियाल ने बताया कि उत्तराखण्ड पर्यटन सचिव धीराज सिंह गर्ब्याल के निर्देशों के क्रम में उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद ने यह 14 दिवसीय प्रशिक्षण टिहरी झील में रखा है।

# मानव सेवा सबसे बड़ा धर्मः विनय



ऋषिकेश। लायंस क्लब ऋषिकेश डिवाइन सामाजिक क्षेत्र में लगातार कार्य कर रहा है। मंगलवार को0 क्लब ने एक घायल की मदद के लिए ग्यारह हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी। साथ ही त्रिवेणी घाट पर जरूरतमंद लोगों को भोजन भी वितरित किया। त्रिवेणी घाट पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ लायंस क्लब के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पीएमजेएफ विनय सिसोदिया ने किया। कार्यक्रम में 600 जरूरतमंदों को कढ़ी चावल वितरित किया गया। विनय सिसोदिया ने कहा कि ऋषिकेश डिवाइन द्वारा लगातार सेवा कार्य किये जा रहे हैं, जो सराहनीय हैं। कहा कि धराली में आई आपदा में भी लायंस क्लब सेवा के लिए तत्पर है। क्लब के संस्थापक ललित मोहन मिश्र और अध्यक्ष विनीत चावला ने कहा कि एक बालक जिसका उसके घर में खेलते हुए हाथ का पूरा मांस ही उतर गया था, हड्डी दिखाई देने लगी थी, उसका इलाज़ आयुष्मान कार्ड न होने से काफी खर्चीला हो रहा था, बालक के पिता द्वारा क्लब से संपर्क किया गया।

इस पर क्लब की ओर से बालक के पिता को 11 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। मौके पर सचिव शिवम अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अनिरुद्ध गुप्ता, रजत भोला, विकास ग्रोवर, मुकेश अग्रवाल, दिनेश अरोड़ा, विनोद बिष्ट, अंकित कालरा, विकास गोयल, विशाल संगर, कपिल गुप्ता, कमल नारंग आदि उपस्थित रहे '

### रायवाला में बनाया जाए डिग्री कॉलेज

ऋषिकेश। ग्राम सभा रायवाला के ग्राम प्रधान सागर गिरि ने मुख्य विकास अधिकारी जिला देहरादून अभिनव शाह को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने रायवाला में डिग्री कॉलेज एवं खेल मैदान निर्माण कराने की मांग की। मंगलवार को डोईवाला विकासखंड सभागार में प्रधान सागर गिरी ने सीडीओ अभिनव शाह को ज्ञापन दिया। उन्होंने कहा कि ग्राम सभा रायवाला की लगभग 160 बीघा सीलिंग भूमि है। जिसके 20 से 30 बीघा भूमि डिग्री कॉलेज का निर्माण किया जाए और 40 से 50 बीघा भूमि खेल मैदान के लिए निर्धारित की जाए। कहा कि रायवाला हरिद्वार और ऋषिकेश के बीच स्थित एक प्रमुख ग्रामीण क्षेत्र है। यहाँ उच्च शिक्षा हेतु कोई डिग्री कॉलेज उपलब्ध नहीं है और न ही बच्चों—युवाओं के लिए बड़ा खेल मैदान।

# उत्तराखंड के 'खूनी गांव' का बदल गया नाम, अब होगा देवीग्राम

पिथौरागढ़, लोकसत्य ।उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले में स्थित 'खूनी' गांव का नाम अब बदल गया है। धामी सरकार के नए आदेश के बाद अब इसे देवीग्राम के नाम से जाना जाएगा। सरकार ने आदेश जारी कर कहा कि जनभावनाओं के दृष्टिगत जिला पिथौरागढ़ की तहसील थिरागढ़ में अवस्थित ग्राम "खूनी" का नाम परिवर्तित कर "देवीग्राम" किया जाना आवश्यक है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो इस गांव का नाम बदलने की मांग गांववाले ही कई दिनों से कर रहे थे।

अल्मोड़ा—पिथौरागढ़ सीट से सांसद अजय टम्टा ने सरकार के आदेश के बाद खुशी जताते हुए कहा कि जन—जन की भावनाओं और लंबे समय से चली आ रही मांग को ध्यान में रखते हुए, आज पिथौरागढ़ क्षेत्र में स्थित ग्राम "खूनी" का नाम परिवर्तित कर "देवीग्राम" किए जाने की अधिसूचना प्रदेश सरकार ने जारी कर दी गई है। उन्होंने आगे लिखा कि स्वतंत्रता के 75 वर्षों से अधिक समय बाद अब खूनी ग्राम को देवीग्राम के नाम से जाना जाएगा। नाम परिवर्तन करवाने के लिए स्थानीय लोगों, युवाओं और समस्त क्षेत्रवासियों द्वारा मुझसे आग्रह किया गया। टम्टा ने इसके लिए भारत सरकार, विशेष रूप से गृह मंत्रालय, राज्य सरकार एवं मुख्यमंत्री पुष्कर धामी के प्रति आभार व्यक्त किया।सांसद अजय टम्टा ने लिखा कि 'खूनी' नाम अपने आप में नकारात्मक भाव का बोध कराता था और इसलिए जनभावनाओं का सम्मान रखते हुए मैंने इस विषय को गंभीरता से लिया और हमारे कार्यालय द्वारा विभिन्न मंत्रालयों के साथ समन्वय कर इसे संभव बनाया गया।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382—222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com